**केंद्रीय विद्यालय डी. आर. डी. ओ. बेंगलुरु**

**शीतकालीन अवकाश गृहकार्य 2023-24**

**विषय - हिन्दी**

**कक्षा - छठवीं**

**सामान्य निर्देश - गृह कार्य (H.W.) कापी में करना है |**

प्रश्न 1- उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

पुराने समय में समस्तीपुर नामक गाँव में राजू नाम का एक माली रहता था । वह अपनी रोज़ की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए माला बनाकर अपने गाँव के मंदिर में बेचने के लिए ले जाता था। जिस दिन पाठशाला को छुट्टी होती, उसकी बेटी नमिता भी उसके साथ मालाएँ बेचने जाती थी। जब नमिता थोड़ी बड़ी हुई तो वह भी मालाएँ बनाने लगी। अब पिता-पुत्री गाँव के अलग- अलग मंदिरों में अपनी बनी हुई मालाएँ बेचने जाते थे। राजू की माला जहाँ पचास रुपए में बिकती, वहीं नमिता की माला तीस- चालीस रुपयों में ही बिकती थी। कुछ सालों में अभ्यास करते-करते वह बहुत सुन्दर मालाएँ बनाने लग गई। अब उसकी मालाएँ अस्सी-नब्बे रूपयों में भी बिकने लगी।एक दिन उसने अपने पिता से कहा, " मैं तो इतनी सुंदर मालाएँ बनाती हूँ कि वे अब आप की मालाओं से भी लगभग दुगने दाम में बिक जाती है। यह देखकर राजू ने उसे समझाया कि घमंड करना अच्छी बात नहीं है। यह मत भूलो कि मैंने ही तुम्हें माला बनाना सिखाया है। नमिता को अपनी गलती का अहसास हुआ। नमिता ने पिता से माफ़ी माँगी और कभी घमंड न करने का वादा किया।

**(1) राजू के गाँव का नाम था-**

(क) समसपुर (ख) समस्तीपुर (ग) सहारनपुर (घ) सोनपुर

**(2) राजू माला बेचने कहाँ जाता था?**

(क) गाँव के मंदिर में (ख) दूसरे गाँव में (ग) शहर में (घ) घर-घर

**3.पहले नमिता की माला कितने रुपये में बिकती थी?**

(क) तीस-चालीस (ख) पचास-साठ (ग) सत्तर-अस्सी (घ)अस्सी-नब्बे

**4.किस वाक्य से पता चलता है कि नमिता को घमंड हो गया?**

(क) नमिता बहुत सुन्दर मालाएँ बनाने लग गई।

(ख) यह मत भूलो कि मैंने ही तुम्हें माला बनाना सिखाया है।

(ग) आप की मालाओं से भी लगभग दुगने दाम में बिक जाती है।

(घ) उपरोक्त सभी

**5.फूलों से संबंधित काम करने वालों को क्या कहते हैं?**

(क) नाई (ख) सिपाही (ग)दरज़ी (घ)माली

प्रश्न 2- पंडित नेहरू पर निबंध लिखिए | या बाल दिवस पर निबंध लिखिए

प्रश्न 3- छुट्टियों में अपना समय कैसे बिताया अपनी दिनचर्या लिखिए |

प्रश्न 4- रामायण के प्रमुख पात्रों का चरित -चित्रण लिखिए |

प्रश्न 5- भारत के राज्यों के लोकगीत और नृत्य का नाम लिखिए |

प्रश्न 6- हेलेन केलर की जीवनी लिखो |

**केंद्रीय विद्यालय डी. आर. डी. ओ. बेंगलुरु**
**शीतकालीन अवकाश गृहकार्य 2023-24**
**विषय - हिन्दी**
**कक्षा - सातवीं**

**सामान्य निर्देश - गृह कार्य (H.W.) कापी में करना है |**

प्रश्न 1- उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

समय बहुत मूल्यावान होता है। यह बीत जाए तो लाखों-करोड़ों रुपये खर्च करके भी इसे वापस नहीं लाया जा सकता। इस संसार में जिसने भी समय की कद्र की है, उसने सुख के साथ जीवन गुजारा है और जिसने समय की बर्बादी की, वह खुद ही बर्बाद हो गया है। समय का मूल्य उस खिलाड़ी से पूछिए, जो सेकंड के सौवे हिस्से से पदक चूक गया हो। स्टेशन पर खड़ी रेलगाड़ी एक मिनट के विलंब से छूट जाती है। आजकल तो कई विद्यालयों में देरी से आने पर विद्यालय में प्रवेश भी नहीं करने दिया जाता। छात्रों को तो समय का मूल्य और भी अच्छी तरह समझ लेना चाहिए, क्योंकि इस जीवन की कद्र करके वे अपने जीवन के लक्ष्य को पा सकते हैं।

(क) उपरोक्त गद्यांश में कीमती किसे माना गया है?
- (i) जीवन को
- (ii) अनुशासन को
- (iii) समय को
- (iv) खेल को

(ख) किसने सुख के साथ जीवन गुजारा
- (i) जिसने दुनिया में खूब धन कमाया
- (ii) जिसने मीठी बाणी बोली

(iii) जिसने समय की कद्र की

(iv) जिसने समय को बर्बाद किया

(ग) सेकंड के सौवें हिस्से से पदक कौन चूक जाता है

(i) खिलाड़ी जिसने मामूली अंतर से पदक गंवा दिया हो

(ii) वह यात्री जिसकी ट्रेन छूट गई

(iii) उपर्युक्त दोनों लोग

(iv) इनमें कोई नहीं

(घ) छात्रों को समय की कद्र करने से क्या लाभ होता है?

(i) वे स्वस्थ हो जाते हैं।

(ii) वे मेधावी बन जाते हैं।

(iii) वे सभी विषयों में 100% अंक प्राप्त करते हैं।

(iv) वे लोकप्रिय हो जाते हैं।

(ङ) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक होगा

(i) समय का मूल्य

(ii) जीवन का लक्ष्य

(iii) विद्यार्थी जीवन में समय का महत्त्व

(iv) अनुशासन

प्रश्न 2- जल संरक्षण से आप क्या समझते हैं | जल संरक्षण का महत्व समझाते हुए सचित्र वर्णन कीजिए |

प्रश्न 3- “ एकता में बल है “ इस वाक्य से क्या तात्पर्य है ? आपके विचार से आप एकता को एक सूत्र में किस तरह बांध सकते हैं |

प्रश्न 4- योग का महत्व बताते हुए किन्हीं पाँच आसनों का सचित्र वर्णन कीजिए |

प्रश्न 5- खेल के मैदान के बारे में आप क्या जानते हैं | आंतरिक एवं बाहय खेलों में अंतर स्पष्ट कीजिए |

प्रश्न 6- भारत के प्रत्येक राज्य के त्योहारों की सूची बनाइये |

प्रश्न 7- पशु - पक्षियों की प्रकृति कैसी होती है ? पशु - पक्षियों से संबंधित दो कविताएँ लिखिए |

**केंद्रीय विद्यालय डी. आर. डी. ओ. बेंगलुरु**

**शीतकालीन अवकाश गृहकार्य 2023-24**

**विषय - हिन्दी**

**कक्षा - आठवीं**

**सामान्य निर्देश - गृह कार्य (H.W.) कापी में करना है |**

प्रश्न 1- उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

कार्य का महत्त्व और उसकी सुंदरता उसके समय पर संपादित किए जाने पर ही है। अत्यंत सुघड़ता से किया हुआ कार्य भी यदि आवश्यकता के पूर्व न पूरा हो सके तो उसका किया जाना निष्फले ही होगा। चिड़ियों द्वारा खेत चुग लिए जाने पर यदि रखवाला उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करे तो सर्वत्र उपहास का पात्र ही बनेगा।उसके देर से किए गए उद्यम का कोई मूल्य नहीं होगा। श्रम का गौरव तभी है जब उसका लाभ किसी को मिल सके। इसी कारण यदि बादलों द्वारा बरसाया गया जल कृषक की फ़सल को फलने-फूलने में मदद नहीं कर सकता तो उसका बरसना व्यर्थ ही है। अवसर का सदुपयोग न करने वाले व्यक्ति को इसी कारण पश्चाताप करना पड़ता है।

**(क) जीवन में समय का महत्त्व क्यों है?**

(i) समय काम के लिए प्रेरणा देता है।

(ii) समय की परवाह लोग नहीं करते।

(iii) समय पर किया गया काम सफल होता है।

(iv) समय बड़ा ही बलवान है।

**(ख) खेत का रखवाला उपहास का पात्र क्यों बनता है?**

(i) खेत में पौधे नहीं उगते।

(ii) समय पर खेत की रखवाली नहीं करता।

(iii) चिड़ियों का इंतजार करता रहता है।

(iv) खेत पर मौजूद नहीं रहता।।

**(ग) चिड़ियों द्वारा खेत चुग लिए जाने पर यदि रखवाला उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करे तो सर्वत्र उपहास का पात्र ही बनेगा। इस पदबंध का प्रकार होगा**

(i) संज्ञा

(ii) सर्वनाम

(iii) क्रिया

(iv) क्रियाविशेषण

**(घ) बादल का बरसना व्यर्थ है, यदि**

(i) गरमी शांत न हो।

(ii) फ़सल को लाभ न पहुँचे

(iii) किसान प्रसन्न न हो

(iv) नदी-तालाब न भर जाएँ

**(ङ) गद्यांश का मुख्य भाव क्या है?**

(i) बादल का बरसना

(ii) चिड़ियों द्वारा खेत का चुगना

(iii) किसान का पछतावा करना

(iv) समय का सदुपयोग

प्रश्न 2- स्वच्छता अभियान क्या है ? स्वच्छता अभियान से संबंधित कोई पाँच नारे लिखिए |

प्रश्न 3- भारतीय संस्कृति से आप क्या समझते हैं ? भारत में विविधता में एकता है समझाइए |

प्रश्न 4- हिमालय पर्वत दूसरे देशों से भारत की रक्षा किस प्रकार करता है ?

प्रश्न 5- इंटरनेट से आप क्या समझते हैं ? इससे होने वाले लाभ एवं हानि को लिखिए |

प्रश्न 6- अपनी किसी एक अविस्मरणीय यात्रा का वर्णन कीजिए |

प्रश्न 7- पोषण एवं स्वास्थ्य पर एक लघु निबंध लिखिए |

**कक्षा - नवमीं** **विषय - हिंदी (अ)**

**निर्धारित समय-3 घंटे** **अधिकतम अंक - 80 अंक**

सामान्य निर्देश:-

1. इस प्रश्न-पत्र में दो खंड है - खंड क और खंड ख। खंड क में वस्तुपरक/बहुविकल्पी और खंड- ख में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गये है।
2. प्रश्नपत्र के दोनों खंडो में प्रश्नों की संख्या 17 है और सभी प्रश्न करने अनिवार्य है ।
3. यथा संभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।
4. खंड क में कुल 10 प्रश्न है ,जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 49 है । दिए गये निर्देशों का पालन करते हुए 40 प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य है।
5. खंड ख में कुल 7 प्रश्न है, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गये है निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

## खंड-अ (बहुविकल्पी / वस्तुपरक प्रश्न)

**प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **(1x5=5)**

पुस्तकालय से सबसे बड़ा लाभ है- ज्ञान वृद्धि। मनुष्य को बहुत थोड़े शुल्क के बदले बहुत सारी पुस्तकें पढ़ने को मिल जाती हैं। वह चाहे तो एक ही विषय की अनेक पुस्तकें पढ़ सकता है। दूसरा, उसे किसी भी विषय की नवीनतम पुस्तक वहाँ से प्राप्त हो सकती है। तीसरा, विश्व में प्रकाशित विभिन्न विषयों की पुस्तकें भी यहाँ मिल जाती हैं। यही कारण है कि उच्च शिक्षा तथा किसी भी विषय में विशेष योग्यता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अपना अधिकांश समय पुस्तकालय में ही व्यतीत करते हैं। पुस्तकालय मनुष्य में पढ़ने की रूचि उत्पन्न करता है। यदि आप एक बार किसी पुस्तकालय में चले जाएँ तो वहाँ की पुस्तकों को देखकर आप उन्हें पढ़ने के लिए लालायित हो जाएँगे। इस प्रकार पुस्तकालय आपकी रूचि को ज्ञानवर्धन में बदलता देता है। अवकाश के दिनों में यह हमारा वह सच्चा साथी है जो हमें सदुपदेश

भी देता है और हमारा मनोरंजन भी करता है। मनोरंजन के शेष साधनों की तुलना में यह सबसे सुलभ और सस्ता मनोरंजन का साधन है।

**i. पुस्तकालय का सबसे बड़ा लाभ है -**

अ- ज्ञान-वृद्धि
ब- धन- वृद्धि
स- मित्र- वृद्धि
द- बल- वृद्धि

**ii. कौन से छात्र अपना अधिकांश समय पुस्तकालय में बिताते हैं?**

अ- समय का दुरूपयोग करने वाले
ब- समय का सदुपयोग करने वाले
स- उच्च शिक्षा एवमं विशिष्ट योग्यता के आकांक्षी
द- खेलों में दक्षता के अभिलाषी

**iii. पुस्तकालय हमारे किस समय का सच्चा साथी है?**

अ- कार्यालय के समय का
ब- अवकाश के समय का
स- घर के समय का
द- बाजार के समय का

**iv. पुस्तकालय मनोरंजन का किस प्रकार का साधन है?**

अ- महँगा
ब- विलम्ब से प्राप्त होने वाला
स- निरर्थक
द- सुलभ और सस्ता

**v. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-**

**कथन (A) पुस्तकालय मनुष्य में पढ़ने की रूचि उत्पन्न करता है।**

**कारण (R) मनोरंजन के शेष साधनों की तुलना में यह सबसे सुलभ और सस्ता मनोरंजन का साधन है।**

अ- कथन (A) गलत है, किंतु कारण सही है।
ब- कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं
स- कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है
द- कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है

**प्रश्न- 2.** निम्नलिखित **अपठित पद्यांशो में से किसी एक पर आधारित** बहुविकल्पी **प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1x5=5)**

रंग-रंग के रूप हमारे
अलग-अलग है क्यारी-क्यारी

लेकिन हम सबसे मिलकर ही
इस उपवन की शोभा सारी
एक हमारा माली हम सब
रहते नीचे एक गगन के
हम सब सुमन एक उपवन के।
सूरज एक हमारा, जिसकी
किरणें उसकी कली खिलातीं,
एक हमारा चाँद, चाँदनी
जिसकी हम सबको नहलाती।
मिले एक से स्वर हमको हैं,
भ्रमरों के मीठे गुंजन के
हम सब सुमन एक उपवन के।
काँटों से मिलकर हम सबने
हँस-हँस कर है जीना सीखा,
एक सूत्र में बँधकर हमने
हार गले का बनना सीखा।
सबके लिए सुगन्ध हमारी
हम शृंगार धनी निर्धन के
हम सब सुमन एक उपवन के।

**i.उपवन की शोभा किस बात में है? (सही उत्तर छाँटकर लिखिए)**

(अ) एक जैसा रंग-रूप होने में

(ब) अलग-अलग रंग-रूप और अलग-अलग क्यारियाँ होने में

(स) कोई भी विशेषता न होने में

(द) एक जैसी क्यारियाँ होने में

**ii.'मिले एक से स्वर हमको हैं'-का भाव है-**

(अ) सब एक जैसी बात बोलते हैं

(ब) सबके विचारों में एकता है

(स) सब एक जैसी उल्टी-सीधी बात बोलते हैं

(द) सब जो चाहे बोल देते हैं

**iii.'काँटों से मिलकर हँस-हँस कर है जीना सीखा' -में काँटे किसे कहा गया है?**

(अ) फूलों के पास उगे काँटे

(ब) खेतों के रास्तों में उगे काँटे

(स) जीवन के मार्ग में आने वाली बाधाएँ

(द) पाँव में चुभे हुए काँटे

**iv.'एक सूत्र में बँधकर हमने हार गले का बनना 'सीखा' का भाव है-**

(अ) एक धागे में बाँधकर हार बनाना

(ब) एकता का पालन करके प्रेम से रहना

(स) गले का हार बनाना

(द) एकता का जीवन

**v.कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-**

**कथन (A) हमारा देश विभिन्नता में एकता का देश है।**

**कारण (R) भारत में अनेक भाषाओं, धर्मों, वर्णों के लोग मिलजुल कर रहते हैं।**

(अ) कथन (A) गलत है, किंतु कारण सही है।

(ब) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं

(स) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है

(द) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है

**अथवा**

ऋतु वसन्त तुम आओ ना,
वसन्ती रंग बिखराओ ना।
उजड़ रही आमों की बगिया,
बौर नये महकाओ ना।
सूनी वन-उपवन की डालें,
कोयल को बुलवाओ ना।
नूतन गीत सुनाओ ना,
ओ वसन्त तुम आओ ना।
ऊँचे-ऊँचे महलों में,

देखो जाम छलकते हैं...।
कहीं अँधेरी झोपड़ियों में,
दुधमुँहे रोज बिलखते हैं।
कुटिया के बुझते दीपक को, बनकर तेल जलाओ ना...
भूखी माँ के आँचल में तुम, दूध की धार बहाओ ना...
प्रिय वसन्त तुम आओ ना...
कोई धोता जूठे बर्तन,
कोई कूड़ा बीन रहा।
पेट की आग मिटाने को,
रोटी कोई छीन रहा।
काम पे जाते बच्चे के, हाथों में किताब थमाओ ना...
घना अँधेरा छाया है, तुम ज्ञान के दीप जलाओ ना...
ऋतु वसंत तुम आओ ना।

**i.उजड़ रही आमों की बगिया में वसन्त को क्या करने के लिए कहा है?**

(क) गीत गाने के लिए

(ख) नए बौर महकाने के लिए और कोयल को बुलवाने के लिए

(ग) देखभाल करने के लिए

(द) कोयल को गाने के लिए

**ii.अँधेरी झोपड़ियों की हालत क्या है?**

(क) वहाँ दुधमुंहे बच्चे हँस रहे हैं

(ख) वहाँ उजाला होने वाला है

(ग) वहाँ दुधमुंहे बच्चे भूख के कारण बिलख रहे हैं

(द) अँधेरी झोपड़ियों की हालत ठीक है

**iii.वसन्त से कुटिया में ........ कहा है। (वाक्य पूरा कीजिए।)**

(क) तेल बनकर बुझते दीपक को जलाने और दूध की धार बहाने के लिए

(ख) बौर खिलाने के लिए

(ग) कोयल को बुलाने के लिए

(द) गीत गाने के लिए

**iv.छोटे बच्चे मजबूरी में क्या-क्या कर रहे हैं?**

(क) कोई धोता जूठे बर्तन

(ख) कोई कूड़ा बीन रहा है

(ग) कोई पेट की आग मिटाने को, रोटी छीन रहा है

(घ) उपर्युक्त सभी

**v.कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-**

**कथन (A) वंसत खुशहाली की ऋतु है।**

**कारण (R) वंसत ऋतु में प्रकृति खुशनुमा हो जाती है और लोगों के जीवन में खुशियां आ जाती है।**

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है

(घ) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है

**प्रश्न 3.**निर्देशानुसार 'उपसर्ग'प्रत्यय**- पर आधारित पाँच** बहुविकल्पी **प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 1x4=4**

**i. 'अभ्यागत' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है-**

अ- अभि    ब-अभ    स- अभ्य    द-अभी

**ii. 'प्र' उपसर्ग का उदाहरण नहीं है-**

अ- प्रभाव    ब- प्रदेश    स-प्रतिगामी    द-प्रयोग

**iii.'आज़ादी' शब्द में प्रयुक्त मूलशब्द और प्रत्यय है-**

अ- आजा +दी    ब- आ +जादी    स- आज़ाद +इ    द- आज़ाद + ई

**iv. 'नागरिक' में मूल शब्द और प्रत्यय है-**

अ- नगर+इक    ब- नागर+इक    स-नाग+रिक    द-नागरि+क

**v. 'बेचारी' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग और प्रत्यय है-**

अ- बे,ई    ब- बे,इ    स- बेच,आरी    द- बेच,री

**प्रश्न 4.निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**1x4=4**

**i.निम्न में से एक तत्पुरुष समास का उदाहरण है-**

अ-कृष्णार्जुन ब- गुणभरा स- कमलनयन द-रातोंरात

**ii. 'पाप और पुण्य' किस समास का विग्रह है?**

अ- बहुव्रीहि ब- द्विगु स- कर्मधारय द- द्वंद्व

**iii. 'आठ अध्यायों का समाहार' किस समास का विग्रह है?**

अ- बहुव्रीहि ब- द्विगु स- कर्मधारय द- द्वंद्व

**iv. 'कमलनयन' का कर्मधारय समास की दृष्टि से विग्रह होगा-**

अ- कमल जैसे नयनों वाले अर्थात राम ब- कमल जैसे नयन

स- कमल और नयन द- नयन जैसे कमल

**v.जिस समास का पूर्व पद अव्यय हो उसे कहते हैं-**

अ- तत्पुरुष ब- द्वंद्व स- अव्ययीभाव द- द्विगु

**प्रश्न 5.निर्देशानुसार 'अर्थ के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

**1x4=4**

**i- निम्न में से कौन एक अर्थ की दृष्टि से वाक्य का भेद नहीं है-**

अ- विधान वाचक वाक्य ब- मिश्र वाक्य

स- संदेह वाचक वाक्य द- संकेतवाचक वाक्य

**ii-'गीता स्कूल से घर जा रही थी।**

अ- विधान वाचक वाक्य ब- इच्छा वाचक वाक्य

स- संदेह वाचक वाक्य द-संकेतवाचक वाक्य

**iii 'मैं घर जाना चाहता हूँ। 'अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद है-**

अ- विधान वाचक वाक्य ब- इच्छा वाचक वाक्य

स- संदेह वाचक वाक्य द- संकेतवाचक वाक्य

**iv- 'अब तक फसल कट चुकी होगी 'अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद है-**

अ- विधान वाचक वाक्य ब- इच्छा वाचक वाक्य

स- संदेह वाचक वाक्य द-संकेतवाचक वाक्य

**v- निषेध वाचक वाक्य का उदाहरण है-**

अ- मोहन क्यों नहीं पढ़ता? ब- मोहन मत पढ़ो।

स- मोहन नहीं पढ़ता है। द- शायद मोहन नहीं पढ़ता है।

**प्रश्न 6.निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **1x4=4**

**i. 'यमक अलंकार' का उदाहरण चुनिए-**

अ- सजना के लिए सजना है। ब- काली घटा का घमंड घटा ।

स- प्रिय के लिए प्रिय का संदेश। द- उपर्युक्त सभी हैं।

**ii. 'सहज सुभाय सुभग तन गोरे' में प्रयुक्त अलंकार है-**

अ- अनुप्रास ब- रूपक स- उपमा द- यमक

**iii. 'मुदित महीपति मंदिर आए '। में प्रयुक्त अलंकार है-**

अ-उपमा ब- रूपक स अनुप्रास द- यमक

**iv. निम्न से कौन एक उपमा अलंकार का उदाहरण है?**

अ-सिंधु सा विस्तृत और अथाह, एक निर्वासित का उत्साह।

ब-चाटत रह्यो स्वान पातरि ज्यौं।

स-मनवा भव-सागर में गोते खाए।

द- मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के।

**v. 'जहाँ उपमेय पर उपमान का अभेदआरोप होता है वहाँ-----------अलंकार होता है'। रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।**

अ- अनुप्रास ब- रूपक स- उपमा द- यमक

**प्रश्न 7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **(1x5=5)**

वहाँ छात्रावास के हर एक कमरे में हम चार छात्राएँ रहती थी। उनमे पहली ही साथिन सुभद्रा कुमारी मिली। सातवें दर्जे में वे मुझसे दो साल सीनियर थीं। वे कविता लिखती थीं और मैं भी बचपन से तुक मिलाती आई थी। बचपन में माँ लिखती थीं, पद भी गाती थीं। मीरा के पद विशेष रूप से गाती थीं। सवेरे 'जागिए कृपानिधान पंछी बन बोले' यही सुना जाता था। प्रभाती गाती थीं। शाम को मीरा का कोई पद गाती थीं।

सुन-सुनकर मैंने भी ब्रजभाषा में लिखना आरंभ किया। यहाँ आकर देखा कि सुभद्रा कुमारी जी खड़ी बोली में लिखती थी। मैं भी वैसा ही लिखने लगी। लेकिन सुभद्रा जी बड़ी थीं, प्रतिष्ठित हो चुकी थीं। मै उनसे छिपा-छिपाकर लिखती थी।

**i.उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक/लेखिका का नाम चुनिए -**

अ- मेरे बचपन के दिन- सुभद्रा कुमारी चौहान

ब- मेरे पचपन के दिन- महादेवी वर्मा

स- मेरे बचपन के दिन- महादेवी वर्मा

द- मेरा बचपन -महादेवी वर्मा

**ii. गद्यांश के आधार पर बताइए कि सातवें दर्जे में कौन था?**

अ- जेबुन्निशा ब- सुभद्रा स- महादेवी द- सभी

**iii. गद्यांश के आधार पर बताइए ब्रजभाषा में कविता कौन-कौन लिखता था?**

अ-महादेवी और सुभद्रा ब-महादेवी और उनकी माँ

स-सुभद्रा और उनकी माँ द- उपर्युक्त सभी सही हैं

**iv.'बचपन में माँ लिखती थीं, पद भी गाती थीं। 'प्रस्तुत पंक्ति में 'बचपन' शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है?**

अ- लेखिका की माँ के लिए ब- लेखिका के लिए

स- लेखिका की सहेली के लिए द- महादेवी और सुभद्रा दोनों के लिए

**v. 'शाम को मीरा का कोई पद गाती थीं। 'पंक्ति किसके लिए प्रयोग किया गया है?**

अ- महादेवी और सुभद्रा दोनों के लिए ब- लेखिका के लिए

स- लेखिका की सहेली के लिए द- लेखिका की माँ के लिए

**प्रश्न 8. गद्य पाठों पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **1x2=2**

**i. 'Fall of a Sparrow' के लेखक कौन हैं?**

अ- जाबिर हुसैन ब-सालिम अली

स- फ्रीडा लोरेंश द- तहमीना

ii. **लेखिका का चांदी का कटोरा किस ने ले लिया?**

अ. नेहरू जी ने ब. मोदी जी ने

स. इंदिरा गांधी जी ने द. गांधीजी ने

**प्रश्न- 9. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** (1x5=5)

मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के।
आगे-आगे नाचती-गाती बयार चली,
दरवाज़े- खिड़कियाँ खुलने लगी गली-गली,
पाहुन ज्यों आए हों गाँव में शहर के।
मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के।
पेड़ झुक झाँकने लगे गरदन उचकाए,
आँधी चली, धूल भागी घाघरा उठाए,
बाँकी चितवन उठा, नदी ठिठकी, घूँघट सरके।
मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के।

**i. मेघों के आने की सूचना कौन दे रहा है?**

अ- बयार ब- पेड़ स- तालाब द- धूल

**ii. धूल को घाघरा उठाए भागता क्यों दिखाया गया है?**

अ- हवा के वेग के कारण ब- धूल का बवंडर उठने के कारण
स- घबराहट के कारण द- चंचलता के कारण

**iii. 'पाहुन' शब्द का क्या अर्थ होता है?**

अ- मेहमान ब- बादल स- बरसात द- तूफ़ान

**iv. 'पाहुन ज्यों आए हों गाँव में शहर के। 'पंक्ति में कौन सा अलंकार है?**

अ- अनुप्रास ब- यमक स- उपमा द-उत्प्रेक्षा

**v. कवि और कविता का नाम लिखिए।**

अ- मेघ आए- सुमित्रा नंदन पंत ब- मेघ आए- रसखान
स- ग्रामश्री-सर्वेश्वर दयाल सक्सेना द- मेघ आए- सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

**प्रश्न- 10. पद्य पाठों पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** (1x2=2)

**i. निम्न में से कौन-सी कविता ब्रिटिश उपनिवेशवाद के शोषण तंत्र का बारीक विश्लेषण करती है?**

अ- ग्रामश्री ब- मेघ आए स- सवैये द- कैदी और कोकिला

**ii. निम्न में से किस कविता में गाँव की प्राकृतिक सुषमा और समृद्धि का मनोहारी वर्णन किया गया है?**

अ- ग्रामश्री      ब- मेघ आए      स- सवैये      द- कैदी और कोकिला

**खंड 'ख'** (वर्णनात्मक **प्रश्न** )

**प्रश्न-11. गद्य पाठों पर आधारित** निम्नलिखित **प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए** **(2×3=6)**

(क) प्रेमचंद ने अपने फटे जूते को ढंकने का प्रयास क्यों नहीं किया होगा?

(ख) सालिम अली ने पूर्व प्रधानमंत्री के सामने पर्यावरण से संबन्धित किन संभावित खतरों का चित्र खींचा होगा कि जिससे उनकी आँखें नम हो गई थीं?

(ग) "उपभोक्तावाद की संस्कृति" पाठ के अनुसार जीवन में सुख से क्या अभिप्राय है?

(घ) प्रस्तुत यात्रा वृतांत 'ल्हासा की ओर' के आधार पर बताइए कि उस समय का तिब्बती समाज कैसा था?

**प्रश्न-12. पद्य पाठों पर आधारित** निम्नलिखित **प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए-** **2x3=6**

(क). कवि का ब्रज के वन,बाग और तालाब को निहारने के पीछे क्या कारण हैं?

(ख) कवि ने कोकिल के बोलने के किन कारणों की संभावना बताई?

(ग) गाँव को 'मरकत डिब्बे सा खुला क्यों कहा गया है?

(घ) बंद द्वार की सांकल खोलने के लिए ललद्यद ने क्या उपाय सुझाया है?

**प्रश्न-13. पूरक** पाठ्यपुस्तक **पर आधारित** निम्नलिखित **प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50 से 60 शब्दों में लिखिए -** **4x2=8**

(1). 'रीढ़ की हड्डी' पाठ की कथावस्तु के आधार पर आप किसे एकांकी का मुख्य पात्र मानते हैं और क्यों?

(2). लेखिका की नानी की आज़ादी के आंदोलन में किस प्रकार की भागीदारी रही?

(3). मृत्यु का तरल दूत किसे कहा गया है और क्यों?

प्रश्न-14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। (6)

**क- विद्यालय का वार्षिक उत्सव**

* संकेत बिंदु- -प्रस्तावना -वार्षिकोत्सव की तैयारियाँ
- सांस्कृतिक कार्यक्रम - उपसंहार

**ख-हमारे राष्ट्रीय पर्व**

*संकेत बिंदु- -प्रस्तावना - राष्ट्रीय पर्वों का महत्त्व
- प्रमुख राष्ट्रीय पर्व - उपसंहार

**ग-आदर्श विद्यार्थी**

*संकेत बिंदु-प्रस्तावना - आदर्श विद्यार्थी के लक्षण
-आदर्श विद्यार्थी की दिनचर्या -उपसंहार

प्रश्न-15. दैनिक जागरण के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए कोई सुझाव भी दिया गया हो। (5)

**अथवा**

'परिश्रम का महत्व' बताते हुए छोटी बहन को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए

प्रश्न-16. एकता में बल विषय पर लगभग 100 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए।

**अथवा**

"आपने अपना शीतावकाश गृहकार्य पूर्ण कर लिया है" का विवरण देते हुए अपने विषय अध्यापक को लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। 5

प्रश्न-17. फल विक्रेता और ग्राहक के बीच का संवाद 80 शब्दों में लिखिए। (4)

**अथवा**

आप शांति विद्या निकेतन,प्रशांत विहार, दिल्ली की छात्रा ख़ुशी मेहरा हैं। विद्यालय में आपका परीक्षा प्रवेश-पत्र गुम हो गया है। इस विषय पर 80 शब्दों में सूचना लिखिए।

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 8

## कक्षा–10 परीक्षा 2022–23

## हिन्दी–अ (कोड–002)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'क' और 'ख'। खंड–क में वस्तुपरक/बहुविकल्पी और खंड–ख में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।
2. प्रश्नपत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 17 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।
4. खंड 'क' में कुल 10 प्रश्न हैं। जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 49 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
5. खंड 'ख' में कुल 7 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

---

## खंड – क (बहुविकल्पी प्रश्न/वस्तुपरक प्रश्न)

1. **निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

समाज को यदि एक वृक्ष मान लिया जाए तो अर्थनीति उसकी जड़ है, राजनीति आधार है, विज्ञान आदि उसके तने हैं और संस्कृति उसके फूल। इसलिए नए समाज की अर्थनीति या राजनीति आदि पर ही हमें ध्यान नहीं देना चाहिए बल्कि उसकी संस्कृति की ओर सबसे अधिक ध्यान देना चाहिए क्योंकि मूल और तने की सार्थकता तो उसके फूल में ही है। दूसरे इन तीनों का संबंध इतना गहरा है कि आन इन्हें अलग–अलग कर भी नहीं सकते। नई अर्थनीति और राजनीति के साथ एक नई संस्कृति का विकास हमारी आँखों के सामने हो रहा है भले ही हम उसे देख न पाएँ या उसकी ओर से आँखें मूँद लें। अन्य क्षेत्रों में हमारी पंचवर्षीय योजनाएँ आ रही है किंतु क्या यह आश्चर्य की बात नहीं है कि संस्कृति के विकास में प्रगति देने के लिए एक भी व्यापक योजना हमारे सामने नहीं आ रही। जब राजनीति और अर्थशास्त्र दूसरी बड़ी–बड़ी योजनाओं में लगे हैं ओ कलाकारो! चलो हम अपनी परिमित शक्ति से इस क्षेत्र में कुछ काम कर दिखाएँ। आखिर यह क्षेत्र भी तो हमारा ही है। गुलाब की खेती के माली तो हम ही हैं। फूलों के संसार के भौंरे तो हम ही हैं। हम नहीं करेंगे, तो करेगा कौन?

(1) समाज, राजनीति, अर्थनीति, विज्ञान और संस्कृति क्रमशः किसके प्रतीक हैं?
   (क) वृक्ष मूल, आधार, फूल और तने के
   (ख) वृक्ष, आधार, जड़, तने और फूल के
   (ग) फूल, वृक्ष, मूल, आधार और तने के
   (घ) जड़, आधार, फूल, वृक्ष और तने के

(2) हमारा विकास अधूरा क्यों है?
   (क) सांस्कृतिक उत्थान नहीं होने के कारण
   (ख) राजनैतिक उन्नति नहीं होने के कारण
   (ग) भौतिक विकास न होने के कारण
   (घ) आध्यात्मिक विकास न होने के कारण

(3) 'गुलाब की खेती' से लेखक का क्या आशय है?
   (क) सांस्कृतिक अभ्युत्थान
   (ख) औद्योगिक विकास
   (ग) सौंदर्य का विकास
   (घ) सुंदर उद्यानों का विनिर्माण

Continue on next page......

Install NODIA App to See the Solutions.
Click Here To Install

(4) उपर्युक्त गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक होगा?
 (क) समाजः एक वृक्ष
 (ख) पंचवर्षीय योजनाएँ और सांस्कृतिक विकास
 (ग) राजनीति और सांस्कृतिक विकास
 (घ) कलाकार और सांस्कृतिक विकास

(5) अर्थनीति और राजनीति के अतिरिक्त सांस्कृतिक उत्थान की ओर ध्यान देना भी आवश्यक है क्योंकि–
 (क) संस्कृति ही देश को महान बनाती है
 (ख) संस्कृति के विकास में ही देश का विकास है
 (ग) ये तीनों परस्पर संबंधित हैं
 (घ) सभी उत्तर सही हैं

2. **निम्नलिखित दो पद्यांशों में से किसी <u>एक</u> पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

कैसे बेमौके पर तुमने ये
मज़हब के शोले सुलगाए।
मानव–मंगल–अभियानों में
जब नया कल्प आरम्भ हुआ
जब चंद्रलोक की यात्रा के
सपने सच होने को आए।
तुम राग अलापो मज़हब का
पैगम्बर को बदनाम करो,
नापाक हरकतों में अपनी
रूहों को कत्लेआम करो!
हम प्रजातंत्र में मनुष्यता के
मंगल–कलश संवार रहे
हर जाति–धर्म के लिए
खुला आकाश–प्रकाश पसार रहे।
उत्सर्ग हमारा आज
हिमालय की चोटी छू आया है।
सदियों की कालिख को
हमने बलिदानों से धोना है
मानवता की खुशहाली की
हरियाली फसलें बोना है।
बढ़–बढ़कर बातें करने की
बलिदानी रटते बान नहीं
इतना तो तुम भी समझ गए
यह कल का हिन्दुस्तान नहीं।

(1) 'मजहब के शोले' का तात्पर्य है–
 (क) विभिन्न धर्मों से संबंधित बातें
 (ख) धर्म पर आधारित नफ़रत की बातें
 (ग) धर्म का उपदेश देने वाली बातें
 (घ) धार्मिक विषयों पर विवादास्पद बातें

Continue on next page......

**Install NODIA App to See the Solutions.**
**Click Here To Install**

(2) मजहब के शोले सुलगाने का यह मौका नहीं है क्योंकि–
(क) आधुनिक युग में ये बातें शोभाकर नहीं हैं।
(ख) चन्द्रलोक की यात्रा की तुलना में ये बातें हीन लगती हैं।
(ग) प्रगतिशील दृष्टिकोण ऐसी बातों को बेतुकी मानता है।
(घ) आज का इन्सान ऐसी बातों में आस्था नहीं रखता।

(3) 'मजहब का राग' अप्रासंगिक है क्योंकि प्रजातंत्र–
(क) मजहबी राग में विश्वास नहीं रखता।
(ख) जाति और धर्म को मानवता का हितकारी समझता है।
(ग) समाज को संकुचित दृष्टिकोण से नहीं देखता।
(घ) खुले आकाश के सामने देखता है।

(4) 'हरियाली फसलें बोना है' कथन का आशय है–
(क) मानवता को बढ़ावा देना।
(ख) देश को फलता–फूलता देखना।
(ग) सामाजिक भेद–भाव मिटाना।
(घ) सांप्रदायिकता का विरोध करना।

(5) अपने स्वार्थपूर्ण कार्यों से कौन पैगम्बर को बदनाम करते हैं?
(क) मजहब का राग अलापने वाले
(ख) लोकतंत्र की पैरवी करने वाले
(ग) बलिदानी लोग
(घ) समाज को संकुचित दृष्टि से देखने वाले

**अथवा**

जब बचपन तुम्हारी गोद में
आने से कतराने लगे,
जब माँ की कोख से झाँकती जिंदगी
बाहर आने से घबराने लगे,
समझो कुछ गलत है।
जब तलवारें फूलों पर,
जोर आज़माने लगें
जब मासूम आँखों में
खौफ़ नज़र आने लगे
समझो कुछ गलत है।
जब किलकारियाँ सहम जाएँ
तब तोतली बोलियाँ, खामोश हो जाएँ, समझो ..........
कुछ नहीं, बहुत कुछ गलत है
क्योंकि जोर से बारिश होनी चाहिए थी,
पूरी दुनिया में, हर जगह, टपकने चाहिए थे आँसू
रोना चाहिए था ऊपर वाले को, आसमाँ से फूट–फूट कर
शर्म से झुकनी चाहिए थीं, इंसानी सभ्यता की गर्दनें
शोक का नहीं, सोच का वक्त है

Continue on next page......

Install NODIA App to See the Solutions.
Click Here To Install

मातम नहीं, सवालों का वक्त है
अगर इसके बाद भी सर उठा कर
खड़ा हो सकता है इंसान
समझो कि बहुत कुछ गलत है।

(1) माँ की कोख से झाँकती जिंदगी को घबराहट क्यों हो सकती है?
   (क) उसे बाहर की असुरक्षा का आभास हो रहा है।
   (ख) उसे प्रदूषण का डर सता रहा है।
   (ग) उसे माँ ने बाहर की वास्तविकता बताई है।
   (घ) बाहर का मौसम अनुकूल नहीं है।

(2) 'जब तलवारें फूलों पर जोर आज़माने लगें, जब मासूम आँखों में खौफ नज़र आने लगे' का तात्पर्य है–
   (क) जब मासूमों पर अत्याचार होने लगे।
   (ख) मानव अपने स्वार्थ के लिए उद्यान उजाड़ने लगे।
   (ग) जब मासूम बच्चों को भय के बिना रहना पड़ें।
   (घ) जब मासूम आपस में लड़ने लगे।

(3) कवि के अनुसार बहुत गलत कब है?
   (क) जब ओस तलवार की नोक पर गिरे।
   (ख) जब मासूम सहम जाएँ।
   (ग) जब बचपन समाप्ति की कगार पर हो।
   (घ) जब किलकारियों की गूँज खामोश हो जाए।

(4) कुछ भी गलत नहीं है, यदि–
   (क) बचपन गोद में आने लगे
   (ख) बाल श्रम बढ़ जाए
   (ग) बच्चों पर अत्याचार होने लगे
   (घ) भ्रूण हत्या होने लगे।

(5) कवि के अनुसार अभी किसका वक्त है?
   (क) सोच विचार का
   (ख) दुख मनाने का
   (ग) उत्सव मनाने का
   (घ) मासूमों का

3. **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) अल्पज्ञानी व्यक्ति बुद्धिमान की कद्र करना क्या जाने। रचना के आधार पर वाक्य भेद है–
   (क) सरल वाक्य
   (ख) मिश्र वाक्य
   (ग) संयुक्त वाक्य
   (घ) इनमें से कोई नहीं

Continue on next page......

Install NODIA App to See the Solutions.
Click Here To Install

(2) बल के अभिमान के कारण वह सबसे झगड़ता फिरता है। इस वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलिए।
(क) उसे बल का अभिमान है इसलिए वह सबसे झगड़ता फिरता है
(ख) क्योंकि उसे बल का अभिमान है इसलिए वह सबसे झगड़ता फिरता है
(ग) उसे बल का अभिमान है अतः वह झगड़ा करता है
(घ) बल अभिमान के कारण वह सबसे झगड़ता फिरता है

(3) <u>ज्योंही मैं स्टेशन पहुँचा</u> ट्रेन निकल गई। इस वाक्य के रेखांकित भाग में आश्रित उपवाक्य है–
(क) क्रिया–विशेषण उपवाक्य
(ख) संज्ञा उपवाक्य
(ग) विशेषण उपवाक्य
(घ) अन्य वाक्य

(4) सोहन ने एक पुस्तक पढ़ी जो अत्यंत पुरानी थी। इस वाक्य को सरल वाक्य में बदलिए।
(क) एक अत्यंत पुरानी पुस्तक थी जो सोहन ने पढ़ी
(ख) सोहन ने एक अत्यंत पुरानी पुस्तक पढ़ी
(ग) एक पुस्तक सोहन ने पढ़ी जो अत्यंत पुरानी थी
(घ) सोहन ने एक पुस्तक पढ़ी और वह अत्यंत पुरानी थी

(5) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| कॉलम 1 | | कॉलम 2 | |
|---|---|---|---|
| (1) | मैं भी आपके साथ चलता, किंतु मेरा स्वास्थ्य ठीक नहीं है। | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | सूर्योदय होने पर चारों ओर रोशनी फैल गई। | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | जिन छात्रों ने परिश्रम किया, वे परीक्षा में उत्तीर्ण हो गए। | (iii) | मिश्र वाक्य |

विकल्प
(क) 1-iii, 2-i, 3-ii
(ख) 1-ii, 2-iii, 3-i
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii
(घ) 1-ii, 2-i, 3-iii

4. **निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **($1 \times 4 = 4$)**

(1) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| कॉलम 1 | | कॉलम 2 | |
|---|---|---|---|
| (1) | यह पुस्तक बच्चों द्वारा तैयार की गई। | (i) | कर्तृवाच्य |
| (2) | बच्चों ने खाना खाया। | (ii) | कर्मवाच्य |
| (3) | लड़की द्वारा आँगन में सोया जा रहा था। | (iii) | भाववाच्य |

विकल्प
(क) 1-iii, 2-i, 3-ii
(ख) 1-ii, 2-iii, 3-i
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii
(घ) 1-ii, 2-i, 3-iii

Continue on next page......

Install NODIA App to See the Solutions.
Click Here To Install

(2) माँ ने पुत्र को सुला दिया। इस वाक्य को कर्मवाच्य में बदलिए।
(क) पुत्र को सुलाया माँ ने
(ख) माँ द्वारा पुत्र को सुलाया गया
(ग) माँ ने सुलाया पुत्र को
(घ) माँ से पुत्र को सुलाया गया

(3) निम्नलिखित में से कर्मवाच्य वाला वाक्य छाँटिए–
(क) तुम्हें किसने भेजा है यहाँ?
(ख) तुम्हें किसने यहाँ भेजा है?
(ग) भेजा है किसने तुम्हें यहाँ?
(घ) तुम्हें यहाँ किसके द्वारा भेजा गया है?

(4) अध्यापिका ने बच्चों को पाठ पढ़ाया। इस वाक्य में प्रयुक्त वाच्य का नाम चुनिए।
(क) भाववाच्य
(ख) कर्तृवाच्य
(ग) अकर्तृवाच्य
(घ) कर्मवाच्य

(5) बच्चे खीर बहुत चाव से खाते हैं। इस वाक्य को कर्मवाच्य में बदलिए।
(क) बच्चों द्वारा खीर बहुत चाव से खाई जाती है।
(ख) बच्चों के द्वारा खीर खाई गई।
(ग) बच्चों ने खीर बहुत चाव से खाई थी।
(घ) बच्चे खीर खाएँगे।

**5. निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए– $(1 \times 4 = 4)$**

(1) चीता **<u>तेज</u>** दौड़ता है। इस वाक्य में रेखांकित पद का सही पद परिचय होगा–
(क) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण
(ख) स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(ग) रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(घ) कालचक्र क्रियाविशेषण

(2) सैनिक राष्ट्र की **<u>सरहदों की</u>** रक्षा करते हैं। इस वाक्य में रेखांकित पद का सही पद परिचय होगा–
(क) जातिवाचक संज्ञा, बहुवचन, स्त्रीलिंग, सम्बन्ध कारक
(ख) समूहवाचक संज्ञा, बहुवचन, स्त्रीलिंग, सम्बन्ध कारक
(ग) भाववाचक संज्ञा, बहुवचन, स्त्रीलिंग, सम्बन्ध कारक
(घ) व्यक्तिवाचक संज्ञा, बहुवचन, स्त्रीलिंग, सम्बन्ध कारक

(3) **<u>मैं</u>** प्रतिदिन भ्रमण के लिए जाता हूँ। इस वाक्य में रेखांकित पद का सही पद परिचय होगा–
(क) पुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ता कारक
(ख) पुरुषवाचक सर्वनाम (उत्तम पुरुष), पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक, ('जाता हूँ' क्रिया का कर्ता)
(ग) पुरुषवाचक सर्वनाम (अन्य पुरुष), पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक
(घ) पुरुषवाचक सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्म कारक

Continue on next page......

**Install NODIA App to See the Solutions.**
**Click Here To Install**

(4) शंकर आज बाजार नहीं गया **क्योंकि** वह बीमार था। इस वाक्य में रेखांकित पद का सही पद परिचय होगा–
(क) सम्बन्धबोधक अव्यय
(ख) विस्मयादिबोधक अव्यय
(ग) समुच्चयबोधक अव्यय
(घ) क्रियाविशेषण अव्यय

(5) इस **बालक** ने गणित में अच्छे अंक प्राप्त किए हैं। इस वाक्य में रेखांकित पद का सही पद परिचय होगा–
(क) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक।
(ख) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, अपादान कारक
(ग) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, करण कारक
(घ) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक

6. **निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) चाहनहार सुवर्ण के, कविजन और सुनार।
इस पंक्ति में कौन–सा अलंकार प्रयुक्त हुआ है?
(क) श्लेष
(ख) उत्प्रेक्षा
(ग) मानवीकरण
(घ) अतिश्योक्ति

(2) नीको सतु ललाट पर, टीको जरित जराइ।
छबिहिं बढावत रवि मनौ, ससि मंडल में आइ।।
इन पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है–
(क) श्लेष
(ख) उत्प्रेक्षा
(ग) मानवीकरण
(घ) अतिश्योक्ति

(3) लोने–लोने वे घने चने क्या बने–बने इठलाते हैं, हौले–हौले होली गा–गा घुंघरू पर ताल बजाते हैं।
इस पंक्ति में कौन–सा अलंकार प्रयुक्त हुआ है?
(क) श्लेष
(ख) उत्प्रेक्षा
(ग) मानवीकरण
(घ) अतिश्योक्ति

(4) तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान।
मृतक में भी डाल देगी जान।।
इन पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है–
(क) श्लेष
(ख) उत्प्रेक्षा
(ग) मानवीकरण
(घ) अतिश्योक्ति

Continue on next page......

Install NODIA App to See the Solutions.
Click Here To Install

(5) धरती पसीजी है कहीं?
इस पंक्ति में कौन–सा अलंकार प्रयुक्त हुआ है?
(क) श्लेष
(ख) उत्प्रेक्षा
(ग) मानवीकरण
(घ) अतिश्योक्ति

7. **निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** **$(1 \times 5 = 5)$**

भादों की वह अँधेरी अधरतिया। अभी थोड़ी ही देर पहले मूसलाधार वर्षा खत्म हुई है। बादलों की गरज, बिजली की तड़प में आपने कुछ नहीं सुना हो, किंतु अब झिल्ली की झंकार या दादुरों की टर्र–टर्र बालगोबिन भगत के संगीत को अपने कोलाहल में डुबो नहीं सकतीं। उनकी खंजड़ी डिमक–डिमक बज रही है और वे गा रहे हैं– गोदी में पियवा चमक उठे सखिया, चिहुँक उठे ना! हाँ, पिया तो गोद में ही है, किंतु वह समझती है, वह अकेली है, चमक उठती है, चिहुँक उठती है। उसी भरे–बादलों वाले भादो की आधी रात में उनका यह गाना अँधेरे में अकस्मात कौंध उठने वाली बिजली की तरह किसे न चौंका देता? अरे, अब सारा संसार निस्तब्धता में सोया है, बालगोबिन भगत का संगीत जाग रहा है, जगा रहा है!

(1) प्रस्तुत गद्यांश में किस माह का वर्णन है–
(क) चैत्र
(ख) माघ
(ग) भादो
(घ) कार्तिक

(2) गाँव के लोग कब चकित हो जाग उठते थे–
(क) भगत का गाना सुनकर
(ख) कबीर की धुन सुनकर
(ग) बिजली कौंधने से
(घ) बादल गरजने की आवाज सुनकर

(3) किसका संगीत सभी को जगा रहा था–
(क) कबीरदास का
(ख) भगत का
(ग) बिजली का
(घ) सखियो का

(4) भगत जी भजन गाते समय क्या बजाया करते थे?
(क) ढोल
(ख) ढपली
(ग) गिटार
(घ) खँजड़ी

(5) बालगोबिन भगत के संगीत को अपने कोलाहल में कौन डुबो सकता था?
(क) झिल्ली की झंकार
(ख) दादुरों की टर्र–टर्र
(ग) क व ख दोनों
(घ) इनमें से कोई नहीं

**Install NODIA App to See the Solutions.**
**Click Here To Install**

**8. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) अनुमान के प्रतिकूल डिब्बा निर्जन नहीं था। यहां निर्जन से आप क्या समझते हैं?
(क) गरीब
(ख) खाली
(ग) भरा
(घ) इनमें से कोई नहीं

(2) किस घटना के बारे में सुनने पर लेखिका को अपनी आँखों पर विश्वास नहीं हुआ?
(क) डॉक्टर साहब द्वारा अपने पिता से कही बातें को
(ख) कॉलेज बंद होने वाली घटना
(ग) प्रिंसिपल द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही वाली घटना
(घ) इनमें से कोई नहीं

**9. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

लखन कहा हसि हमरे जाना। सुनहु देव सब धनुष समाना।।
का छति लाभु जून धनु तोरें। देखा राम नयन के भोरें।।
छुअत टूट रघुपतिहु न दोसू। मुनि बिनु काज करिअ कत रोसू।।
बोले चितै परसु की ओरा। रे सठ सुनेहि सुभाउ न मोरा।।
बालकु बोलि बधौं नहि तोही। केवल मुनि जड़ जानहि मोहि।।
बाल ब्रह्मचारी अति कोही। बिस्वबिदित क्षत्रियकुल द्रोही।।
भुजबल भूमि भूप बिनु कीन्ही। बिपुल बार महिदेवन्ह दीन्ही।।
सहसबाहुभुज छेदनिहारा। परसु बिलोकु महीपकुमारा।।
मातु पितहि जनि सोचबस करसि महीसकिसोर।
गर्भन्ह के अर्भक दलन परसु मोर अति घोर।।

(1) प्रस्तुत पद्यांश में संवाद किनके बीच है–
(क) राम और परशुराम के बीच
(ख) लक्ष्मण और परशुराम के बीच
(ग) राम और लक्ष्मण के बीच
(घ) तीनों के बीच

(2) परशुराम के स्वभाव में क्या विशेषता नहीं थी–
(क) दुर्बल योद्धा
(ख) क्रोधी
(ग) बाल–बह्मचारी
(घ) क्षत्रियों के प्रबल विरोधी

(3) परशुराम ने अपने फरसे से क्या नहीं किया–
(क) क्षत्रिय कुल की रक्षा
(ख) क्षत्रिय कुल का विनाश
(ग) सहस्रबाहु की भुजाओं का नाश
(घ) माता की गर्दन काटी

Continue on next page......

**Install NODIA App to See the Solutions.**
**Click Here To Install**

(4) धनुष खंडित होने का सही कारण क्या था–
(क) पुराना धनुष होना
(ख) नया धनुष होना
(ग) राम का शिवभक्त होना
(घ) परशुराम से मित्रता होना

(5) परशुराम ने किसे भयानक बताया है–
(क) लक्ष्मण को
(ख) राम को
(ग) स्वयं को
(घ) फरसे को

**10. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) 'अरी सरलते' के प्रयोग से कवि का क्या भाव प्रकट हुआ है?
(क) अपनत्व का भाव
(ख) विद्वेष का भाव
(ग) अनासक्ति का भाव
(घ) निर्लिप्तता का भाव

(2) 'अट नहीं रही है' कविता में कौन–सा गुण है?
(क) माधुर्यगुण
(ख) प्रसादगुण
(ग) ओजगुण
(घ) सगुण

## खंड – ख (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए–** $(2 \times 3 = 6)$

(क) यदि हालदार साहब को नेताजी की मूर्ति पर चश्मा लगा नहीं मिलता तो उनके मन में किस प्रकार का भाव आता?

(ख) 'काशी को संस्कृति की पाठशाला क्यों कहा गया है?

(ग) लेखक भदंत आनंद कौसल्यायन के अनुसार सिद्धार्थ ने अपना गृह–त्याग किस अपेक्षा से किया था? 'संस्कृति' पाठ के आधार पर लिखिए।

(घ) नवाब साहब के लेखक के प्रति सर्वप्रथम संबोधन से उनके विषय में आपकी क्या सोच बनती है? तथा लेखक के प्रत्युत्तर में उनकी प्रतिक्रिया आपकी दृष्टि में कैसी थी?

**12. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए–** $(2 \times 3 = 6)$

(क) संगतकार का स्वर किन–किन परिस्थितियों में मुख्य गायक के स्वर को ढाँढ़स बँधाता है?

(ख) दंतुरित मुसकान से बच्चे की उम्र का अनुमान लगाइए और तर्क सहित उत्तर दीजिए।

(ग) गोपियों के अनुसार राजधर्म क्या होना चाहिए?

(घ) कवि को 'आत्मकथ्य' के माध्यम से अपनी गागर खाली होती हुई क्यों प्रतीत होती है? उनके अनुसार उसका रस लेकर अपनी भरने वालों के रूप में किन लोगों का डर है?

**Install NODIA App to See the Solutions.**
**Click Here To Install**

13. **पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए-** $4 \times 2 = 8$

(क) 'माता का अँचल' पाठ में ग्राम्य संस्कृति के जिस रूप का चित्रण है- वह आधुनिक युग में पर्याप्त अंशों में परिवर्तित हो चुका है। परिवर्तित रूप से कुछ उदाहरण देते हुए इस कथन के समर्थन में अपने विचार लिखिए।

(ख) 'साना साना हाथ जोड़ि' यात्रा वृत्तांत में वर्णित ऐसी घटना का उल्लेख कीजिए जिसने आपको बहुत प्रभावित किया हो।

(ग) लेखक के अनुसार प्रत्यक्ष अनुभव की अपेक्षा अनुभूति उनके लेखन में कहीं अधिक मदद करती हैं, क्यों?

14. **निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए-** (6)

(क) **भारत में बाढ़ की समस्या**

**संकेत बिन्दु :**

- बाढ़ के कारण
- जन-जीवन पर प्रभाव
- इससे बचने के उपाय।

(ख) **जीएसटी**

**संकेत बिन्दु :**

- परिचय
- पुरानी कर व्यवस्था
- परिवर्तित कर व्यवस्था।

(ग) **मधुर वाणी**

**संकेत बिन्दु :**

- मधुर वाणी : एक वरदान
- प्रभाव और प्रयोग
- जीवन में महत्त्व।

15. **किसी बस में वारदात कर भाग रहे अपराधी को संवाहक द्वारा पकड़कर पुलिस को सौंपने की घटना के विवरण की जानकारी देते हुए परिवहन विभाग के प्रबंधक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखकर उसे पुरस्कृत करने का अनुरोध कीजिए।** (5)

**अथवा**

**आपके छोटे भाई ने एक आवासीय विद्यालय में एक मास पूर्व ही प्रवेश लिया है। उसको मित्रों के चुनाव में सावधानी बरतने के लिए समझाते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।**

16. **सर्वोदय बाल विद्यालय गोल मार्केट दिल्ली में हिंदी विषय पीजीटी का पद रिक्त है। विज्ञापन के अनुसार अपनी योग्यता का विवरण प्रस्तुत करते हुए शिक्षा निदेशक को भेजने हेतु एक स्ववृत्त तैयार कीजिए।** (5)

**अथवा**

**आपके क्षेत्र में कोई भी टेलीविजन सहजता से दूरदर्शन के कार्यक्रम नहीं पकड़ पाता। बहुत संभव है यह केबल ऑपरेटरों की कारस्तानी हो। दूरदर्शन के महानिदेशक को एक ई-मेल लिखकर इस ओर उनका ध्यान आकृष्ट कीजिए।**

**Install NODIA App to See the Solutions.**
**Click Here To Install**

17. विद्यार्थियों की जरूरत के हर सामान के लिए उपलब्ध 'कामधेनू भंडार का विज्ञापन लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए। (4)

**अथवा**

आपकी सहेली की माता जी का देहांत हो गया है। लगभग 60 शब्दों में एक सांत्वना-संदेश लिखिए।

□□□□□□□

**DOWNLOAD INDIA'S BEST STUDY MOBILE APP**

- 30 Sample Paper with Solutions
- Chapterwise Question Bank of All Subject
- Previous 15 Years Solved Papers
- NCERT Solutions
- Case Study Questions with full Solutions
- *Word File of Material for Teachers*

Search by **NODIA** on Play Store to Download App

Add 89056 29969 in Your Class Whatsapp Group to Get Link

**Install NODIA App to See the Solutions.**
**Click Here To Install**


# Download NODIA App from Playstore

**CLICK HERE TO DOWNLOAD**
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.nodiaapp&hl=en_IN&gl=US


**You can search by typing NODIA on the playstore.**

# How To View Solutions of Sample Papers


### Click on the Subject




### Select the First Option




### View the Solutions




If you want to download and print the solutions, get Gold Plan by upgrading.

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 3

## कक्षा–10 परीक्षा 2022–23

## हिन्दी–अ (कोड–002)

**निर्धारित समय– 3 घंटे** **पूर्णांक – 80**

**सामान्य निर्देश–**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'क' और 'ख'। खंड–क में वस्तुपरक/बहुविकल्पी और खंड–ख में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।
2. प्रश्नपत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 17 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।
4. खंड 'क' में कुल 10 प्रश्न हैं। जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 49 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
5. खंड 'ख' में कुल 7 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

---

## खंड – क (वस्तुपरक प्रश्न / बहुविकल्पी)

1. **निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, बाल श्रम को इस प्रकार परिभाषित किया गया है: "वह काम जो बच्चों को उनके बचपन, उनकी क्षमता और उनकी गरिमा से वंचित करता है, और जो शारीरिक और मानसिक विकास के लिए हानिकारक है।"

एक सामाजिक बुराई के रूप में संदर्भित, भारत में बाल श्रम एक अनिवार्य मुद्दा है जिससे देश वर्षों से निपट रहा है। लोगों का मानना है कि बाल–श्रम जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने का दायित्व सिर्फ सरकार का है। यदि सरकार चाहे तो कानून का पालन न करने वालों एवं कानून भंग करने वालों को सजा देकर बाल–श्रम को समाप्त कर सकती है, किंतु वास्तव में ये केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि इसे सभी सामाजिक संगठनों, मालिकों और अभिभावकों द्वारा भी समाधित करना चाहिए।

हमारे घरों में, ढाबों में, होटलों में, खानों, कारखानों में अनेक बाल–श्रमिक मिल जाएँगे, जो कड़ाके की ठंड और तपती धूप की परवाह किए बिना काम करते हैं। विकासशील देशों में गरीबी और उच्च स्तर की बेरोजगारी बाल श्रम का मुख्य कारण है। बाल मजदूरी इंसानियत के लिये अपराध है जो समाज के लिये श्राप बनती जा रही है तथा जो देश की वृद्धि और विकास में बाधक के रूप में बड़ा मुद्दा है। हमें सोचना होगा कि सभ्य समाज में यह अभिशाप क्यों मौजूद है? जिस उम्र में बच्चों को सही शिक्षा मिलनी चाहिए, खेल कूद के माध्यम से अपने मस्तिष्क का विकास करना चाहिए उस उम्र में बच्चों से काम करवाने से बच्चों का शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और सामाजिक विकास रूक जाता है। शिक्षा का अधिकार मूल अधिकार होता है। शिक्षा से किसी भी बच्चे को वंचित रखना अपराध माना जाता है।

आज आवश्यकता इस बात की है सरकारी स्तर से लेकर व्यक्तिगत स्तर तक सभी लोग इसके प्रति सजग रहें और बाल–श्रम के कारण बच्चों का बचपन न छिन जाए, इसके लिए कुछ सार्थक पहल करें। आम आदमी को भी बाल मजदूरी के विषय में जागरूक होना चाहिए और अपने समाज में इसे होने से रोकना चाहिए। बालश्रम को खत्म करना केवल सरकार का ही कर्तव्य नहीं है हमारा भी कर्तव्य है कि हम इस अभियान में सरकार का पूरा साथ दें।

(1) गद्यांश के आधार पर बताइए कि बाल–श्रम जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए लोगों की सोच कैसी है?

(क) बाल–श्रम को समाप्त करना केवल समाजसेवी संस्थाओं का दायित्व है।

(ख) बाल–श्रम को समाप्त करना केवल जनता का दायित्व है।

(ग) बाल–श्रम को समाप्त करना केवल सरकार का दायित्व है।

(घ) बाल–श्रम को समाप्त करना केवल अभिभावकों का दायित्व है।

Continue on next page......

Install NODIA App to See the Solutions.
Click Here To Install

(2) घरों में, ढाबों में, होटलों में, खानों, कारखानों में अनेक बाल–श्रमिकों को काम करता देखकर भी हम उदासीन क्यों बने रहते हैं?
(क) हम सिर्फ अपने बारे में ही सोचते हैं।
(ख) हम जागरूक बनना नहीं चाहते।
(ग) हम उनकी सहायता करना नहीं चाहते।
(घ) हम संवेदना शून्य हो चुके हैं।

(3) गद्यांश के आधार पर बताइए कि बाल–श्रम को रोकने के लिए सार्थक प्रयास क्यों किए जाने चाहिए?
(क) बाल–श्रम के कारण बच्चों का बचपन छिन जाता है।
(ख) बाल–श्रम के कारण वे जल्दी बड़े हो जाते हैं।
(ग) बाल–श्रम के कारण बच्चों को घर पर ही रहना पड़ता है।
(घ) बाल–श्रम के कारण बच्चों को विद्यालय आना नहीं पड़ता।

(4) बच्चों को बाल–श्रम के लिए क्यों विवश किया जाता है?
(क) जागरूकता का अभाव।
(ख) निर्धनता और भुखमरी।
(ग) शिक्षा का अभाव।
(घ) लोगों की मनोवृति।

(5) बाल–श्रम जैसे सामाजिक अभिशाप से देश को क्या नुकसान होता है?
(क) बाल श्रम एक बच्चे को बचपन के सभी लाभों से दूर रखता है।
(ख) लाखों बच्चे उचित शिक्षा से वंचित हो जाते हैं।
(ग) बच्चों का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास अवरूद्ध हो जाता है।
(घ) बाल–श्रम से देश का आने वाला कल अंधकार की ओर जाने लगता है।

2. **निम्नलिखित दो पद्यांशों में से किसी एक पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

चंदा–तारों–सी सहज कांति, नदियों में है मुस्कान भरी, मूर्तियाँ
बना डालीं सजीव, अनगढ़ पत्थर को काट–काट,
है पवन–झकोरों में दुलार खेतों में है दौलत बिखरी,
बंधुता–प्रेम को फैलाया, अपना ही अंतर बाँट–बाँट,
पग–पग मेरा विश्वास भरा,
जिसके गीतों से जगत् मुग्ध,
तप से है यह जीवन निखरा,
जिसके नृत्यों पर जगत् मुग्ध,
प्रखर कर्म का पाठ सतत–
जिसकी कविता–धारा अविरल–
पढ़ती मैं भारत माता हूँ।।
बहती वह भारत माता हूँ।।
मैं वज्र–सदृश विपदाओं को भी अनायास सह लेती हूँ,
सुधा–दान कर औरों को, मैं विष पीकर मुस्काती हूँ,
धीरज का पाठ पढ़ाती हूँ,
गौरव का मार्ग दिखाती हूँ,
मैं सहज बोध, मैं सहज शक्ति–
सुविवेकी भारत माता हूँ।।

Continue on next page......

Install NODIA App to See the Solutions.
Click Here To Install

1. खेतों में दौलत बिखरी होने से क्या तात्पर्य है?
   (क) अच्छी फसल होती है
   (ख) खज़ाने गड़े हैं
   (ग) खाद के रूप में दौलत बिखेरी जाती है
   (घ) किसान बहुत अमीर हैं

2. निम्नलिखित में कौन–सा कथन उपयुक्त नहीं है?
   (क) भारत माता सबको धीरज का पाठ पढ़ाती है
   (ख) कष्ट सहना सिखाती है
   (ग) कर्महीनता का पाठ पढ़ाती है
   (घ) बंधुता–प्रेम को फैलाती है

3. भारत ने अपना हृदय किस रूप में बाँटा है?
   (क) फसलों के रूप में
   (ख) दूसरों के प्रति प्रेम प्रदर्शित करके
   (ग) मूर्तियाँ बनाकर
   (घ) सुधा–दान करके

4. प्रस्तुत काव्यांश में किन कलाओं की चर्चा हुई है?
   (क) चाँद, तारे, नदियाँ, पवन
   (ख) विश्वास, कर्म, धीरज, गौरव
   (ग) सहज बोध, शक्ति, सुधा–दान, सुविवेक
   (घ) संगीत, नृत्य, कविता, मूर्ति बनाना

5. निम्नलिखित में से कौन–सा विशेषण–विशेष्य का युग्म नहीं है?
   (क) सहज क्रांति
   (ख) प्रखर कर्म
   (ग) अनगढ़ पत्थर
   (घ) बंधुता–प्रेम

**अथवा**

सुख–दुख मैं मुस्काना धीरज से रहना,
वीरों की माता हूँ वीरों की बहना।
मैं वीर नारी हूँ
साहस की बेटी,
मातृभूमि–रक्षा को
वीर सजा देती।
आकुल अंतर की पीर राष्ट्र हेतु सहना,
वीरों की माता हूँ वीरों की बहना।
मातृ–भूमि जन्म–भूमि
राष्ट्र–भूमि मेरी,
कोटि–कोटि वीर पूत
द्वार–द्वार दे री।
जीवन–भर मुस्काए भारत का आँगना,
वीरों की माता हूँ वीरों की बहना।

**Install NODIA App to See the Solutions.**
**Click Here To Install**

(1) सुख–दुख में मुस्कराते हुए कैसे रहना चाहिए?
(क) धीरज
(ख) धीर
(ग) शीर
(घ) वीर

(2) आकुल अंतर की पीड़ा किस के लिए सहनी चाहिए?
(क) राष्ट्र
(ख) समाज
(ग) जाति
(घ) धर्म

(3) मातृ–भूमि, जन्म–भूमि .......... मेरी।
उपयुक्त शब्द से खाली स्थान भरिए।
(क) देव–भूमि
(ख) गाँव–भूमि
(ग) शहर–भूमि
(घ) राष्ट्र–भूमि

(4) भारत का अँगना कब तक मुस्कराए?
(क) जीवन–भर
(ख) उम्र–भर
(ग) मुट्ठी–भर
(घ) पल–भर

(5) 'माता' के लिए पर्यायवाची छाँटिए–
(क) जननी
(ख) दादी
(ग) नानी
(घ) बुआ

3. **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **$(1 \times 4 = 4)$**

(1) निम्न में संयुक्त वाक्य का चयन कीजिए–
(क) मालिक आया और घोड़ा हिनहिनाने लगा
(ख) मालिक के आने पर घोड़ा हिनहिनाने लगा
(ग) बिल का भुगतान न करने पर तुम्हें माल वापिस करना होगा
(घ) यदि पढ़ोगे तो पास हो जाओगे

(2) "करो या मरो।" संयुक्त वाक्य को मिश्र वाक्य में बदलिए–
(क) करो और मरो।
(ख) करते रहो और मरते रहो।
(ग) करते रहने पर भी मरोगे।
(घ) यदि नहीं करोगे तो मरोगे।

Continue on next page......

**Install NODIA App to See the Solutions.**
**Click Here To Install**

(3) निम्नलिखित वाक्यों में सरल वाक्य छाँटिए–
(क) सहवाग गंभीर के साथ खेल रहा है।
(ख) नेताजी आए और सब लोग बैठ गए।
(ग) जैसा बोएँगे वैसा काटेंगे।
(घ) सीटी बजी और मैच शुरू हो गया।

(4) वह इस प्रकार चलता है जैसे कोई बीमार हो। रचना के आधार पर वाक्य भेद है–
(क) सरल वाक्य
(ख) सकारात्मक वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य
(घ) संयुक्त वाक्य

(5) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| कॉलम 1 | | कॉलम 2 | |
|---|---|---|---|
| (1) | सत्य बोलो परंतु कटु सत्य न बोलो | (i) | सरल वाक्य |
| (2) | पुलिस ने चोर को पीटा | (ii) | संयुक्त वाक्य |
| (3) | जब मैं छोटा था तब साइकिल खूब चलाता था। | (iii) | मिश्र वाक्य |

विकल्प
(क) 1-iii, 2-i, 3-ii
(ख) 1-ii, 2-iii, 3-i
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii
(घ) 1-ii, 2-i, 3-iii

4. **निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| कॉलम 1 | | कॉलम 2 | |
|---|---|---|---|
| (1) | गलत भरा हुआ फार्म निरस्त कर दिया जाएगा। | (i) | कर्तृवाच्य |
| (2) | बंदर ने गमला तोड़ दिया है। | (ii) | कर्मवाच्य |
| (3) | चलो, तालाब में तैरा जाए। | (iii) | भाववाच्य |

विकल्प
(क) 1-iii, 2-i, 3-ii
(ख) 1-ii, 2-iii, 3-i
(ग) 1-ii, 2-i, 3-iii
(घ) 1-ii, 2-i, 3-iii

(2) निम्नलिखित वाक्यों में से कर्मवाच्य वाला वाक्य छाँटिए–
(क) रम्या सुबह नहीं उठ सकी।
(ख) अमिय द्वारा कहानी पढ़ी गई।
(ग) रीना चित्र बनाती है।
(घ) इनमें से कोई नहीं

Continue on next page......

**Install NODIA App to See the Solutions.**
**Click Here To Install**

(3) निम्नलिखित वाक्य से कर्मवाच्य बनाइए–
मैं यह कविता नहीं पढ़ सकूँगा।
(क) मुझ द्वारा यह कविता नहीं पढ़ी जाएगी।
(ख) मुझ द्वारा इस कविता को नहीं पढ़ा जा सकेगा।
(ग) मुझसे यह कविता नहीं पढ़ी जा सकेगी।
(घ) मुझसे यह कविता नहीं पढ़ी जाएगी।

(4) आओ चला जाए। इस वाक्य में वाच्य है–
(क) कर्तृवाच्य
(ख) भाववाच्य
(ग) कर्मवाच्य
(घ) इनमें से कोई नहीं

(5) निम्नलिखित वाक्यों में से कर्तृवाच्य वाला वाक्य है–
(क) बच्चों के द्वारा खाना खाया गया।
(ख) बच्चों से चला जा सकता है।
(ग) बच्चों ने खाना खाया।
(घ) बच्चों से भागा जा सकता है।

5. **निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) यह **छात्र** बहुत समझदार है। इस वाक्य में रेखांकित पद का सही पद परिचय होगा–
(क) संज्ञा, व्यक्तिवाचक, एकवचन, पुल्लिग, कर्ता कारक।
(ख) संज्ञा, जातिवाचक, एकवचन, पुंल्लिंग, कर्ता कारक।
(ग) संज्ञा, जातिवाचक, बहुवचन, पुल्लिग, कर्ता कारक।
(घ) संज्ञा, जातिवाचक, एकवचन, पुल्लिग, कर्म कारक।

(2) मैं पंकज से **जयपुर** में मिलूँगा। इस वाक्य में रेखांकित पद का सही पद परिचय होगा–
(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिग, एकवचन, अधिकरण कारक।
(ख) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिग, एकवचन, अधिकरण कारक
(ग) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिग, एकवचन, कर्म कारक।
(घ) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिग, एकवचन, करण कारक।

(3) रंजनी **पत्र** पढ़ती है। इस वाक्य में रेखांकित पद का सही पद परिचय होगा–
(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिग, कर्म कारक।
(ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्म कारक।
(ग) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्ता कारक।
(घ) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिग, कर्म कारक।

(4) सैनिक अपने **कर्तव्य** पर मर मिटेंगे। इस वाक्य में रेखांकित पद का सही पद परिचय होगा–
(क) संज्ञा, व्यक्तिवाचक, एकवचन, पुल्लिग, अधिकरण कारक।
(ख) संज्ञा, जातिवाचक, एकवचन, पुल्लिग, अधिकरण कारक।
(ग) संज्ञा, भाववाचक, एकवचन, पुल्लिग, अधिकरण कारक।
(घ) संज्ञा, भाववाचक, एकवचन, पुल्लिग, कर्म कारक।

Continue on next page......

Install NODIA App to See the Solutions.
Click Here To Install

(5) वह <u>**किसे**</u> पढ़ा रहा है। इस वाक्य में रेखांकित पद का सही पद परिचय होगा–
(क) प्रश्नवाचक सर्वनाम, उभयलिंगी, एकवचन, कर्म कारक।
(ख) अनिश्चयवाचक सर्वनाम, उभयलिंगी, एकवचन, कर्मकारक।
(ग) प्रश्नवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्मकारक।
(घ) प्रश्नवाचक सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्मकारक।

6. **निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** $(1 \times 4 = 4)$

(1) जो चाहो चटक न घटे, मैलो होय न मित्त राज राजस न छुवाइये नेह चीकने चित्त।।
इन पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है–
(क) श्लेष
(ख) उत्प्रेक्षा
(ग) मानवीकरण
(घ) अतिश्योक्ति

(2) फूले कास सकल महि छाई।
जनु रसा रितु प्रकट बुढ़ाई।।
इन पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है–
(क) श्लेष
(ख) उत्प्रेक्षा
(ग) मानवीकरण
(घ) अतिश्योक्ति

(3) मानौ भीत जानि महासीत तै पसारि पानी मानो।
छतियाँ की छाँह राख्यों पावक छिपाय के।।
इन पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है–
(क) श्लेष
(ख) उत्प्रेक्षा
(ग) मानवीकरण
(घ) अतिश्योक्ति

(4) इस सोते संसार बीच।
जगकर सजकर रजनीबाले।।
इन पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है–
(क) श्लेष
(ख) उत्प्रेक्षा
(ग) मानवीकरण
(घ) अतिश्योक्ति

(5) दादुर धुनि चहुँ दिशा सुहाई।
बेद पढ़हिं जनु बटु समुदाई।।
इन पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है–
(क) श्लेष
(ख) उत्प्रेक्षा
(ग) मानवीकरण
(घ) अतिश्योक्ति

**Install NODIA App to See the Solutions.**
**Click Here To Install**

**7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

मुफ़स्सिल की पैसेंजर ट्रेन चल पड़ने की उतावली में फूँकार रही थी। आराम से सेकंड क्लास में जाने के लिए दाम अधिक लगते हैं। दूर तो जाना नहीं था। भीड़ से बचकर, एकांत में नई कहानी के संबंध में सोच सकने और खिड़की से प्राकृतिक दृश्य देख सकने के लिए टिकट सेकंड क्लास का ही ले लिया।

गाडी छूट रही थी। सेकंड क्लास के एक छोटे डिब्बे को खाली समझकर, जरा दौड़कर उसमें चढ़ गया। अनुमान के प्रतिकूल डिब्बा निर्जन नहीं था। एक बर्थ पर लखनऊ की नवाबी नस्ल के एक सफ़ेदपोश सज्जन बहुत सुविधा से पालथी मारे बैठे थे। सामने दो ताजे–चिकने खीरे तौलिए पर रखे थे। डिब्बे में हमारे सहसा कूद जाने से सज्जन की आँखों में एकांत चिंतन में विघ्न का असंतोष दिखाई दिया। सोचा, हो सकता है, यह भी कहानी के लिए सूझ की चिंता में हों या खीरे–जैसी अपदार्थ वस्तु का शौक करते देखे जाने के संकोच में हों।

(1) लेखक ने सेकंड क्लास का टिकट महंगा होने पर भी क्यों खरीदा?
- (क) प्राकृतिक दृश्यों को निहारने के लिए।
- (ख) भीड़ से बचने के लिए।
- (ग) एकांत में चिंतन करने के लिए।
- (घ) ये सभी।

(2) नवाब साहब की आँखों में लेखक को क्या दिखाई दिया?
- (क) असंतोष
- (ख) उत्साह
- (ग) बेचैनी
- (घ) आँसू

(3) नवाब साहब के सामने तौलिए पर क्या रखा था?
- (क) रूमाल
- (ख) पुस्तकें
- (ग) खीरे
- (घ) लड्डू

(4) कौन–सी बात लेखक के अनुमान के प्रतिकूल थी?
- (क) उस डिब्बे में एक सफेदपोश नवाब बैठे थे।
- (ख) सफेदपोश नवाब ने उन्हें डिब्बे में चढ़ने से रोका।
- (ग) सेकंड क्लास का डिब्बा खाली नहीं था।
- (घ) वे बहुत सुंदर वस्त्र पहने हुए थे।

(5) 'सफेदपोश' शब्द से लेखक क्या संकेत कर रहा है?
- (क) वे नवाब से प्रतीत हो रहे थे।
- (ख) वे सफेद वस्त्र पहने हुए थे।
- (ग) वे सभ्य और भद्र दिख रहे थे।
- (घ) वे बहुत सुंदर वस्त्र पहने हुए थे।

**8. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) परिश्रमपूर्वक लिखे शब्द कोश से लेखिका के पिता को क्या प्राप्ति हुई?
- (क) अकूत धन की
- (ख) यश तथा प्रतिष्ठा की
- (ग) उनको सरकार द्वारा सम्मानित किया गया
- (घ) राय बहादुर की उपाधि

Continue on next page......

**Install NODIA App to See the Solutions.**
**Click Here To Install**

(2) बालाजी के मंदिर तक जाने का कौन–सा रास्ता अमीरुद्दीन को पसंद था?
(क) सुलोचना के घर से होकर जाने वाला
(ख) निम्मी के घर से होकर जाने वाला
(ग) रसुलन बाई बतूलन बाई के घर से होकर जाने वाला
(घ) मधुबाला के घर से होकर जाने वाला

9. **निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

मधुप गुन–गुना कर कह जाता कौन कहानी यह अपनी,
मुरझाकर गिर रहीं पत्तियाँ देखो कितनी आज घनी।
इस गंभीर अनंत–नीलिमा में असंख्य जीवन–इतिहास
यह लो, करते ही रहते हैं अपना व्यंग्य–मलिन उपहास
तब भी कहते हो कह डालूँ दुर्बलता अपनी बीती।
तुम सुनकर सुख पाओगे, देखोगे यह गागर रीती।
किंतु कहीं ऐसा न हो कि तुम ही खाली करने वाले
अपने को समझो, मेरा रस ले अपनी भरने वाले।

(1) कवि ने यहाँ अपने जीवन के किस पक्ष का उल्लेख किया है?
(क) सुखद पक्ष का
(ख) दु:खद पक्ष का
(ग) बचपन का
(घ) वृद्धावस्था का

(2) पत्तियों का मुरझाना किस ओर संकेत करता है?
(क) मृत्यु की ओर
(ख) सूखे की ओर
(ग) ढलती उम्र एवं जीवन के आनंद की समाप्ति की ओर
(घ) जीवन की कठिनाइयों की ओर

(3) मधुप किसे कहा गया है?
(क) मन रूपी भौरे को
(ख) भौरे को
(ग) शहद पीने वाले को
(घ) इनमें से कोई नहीं।

(4) कवि ने गागर रीति किसे कहा है?
(क) खाली घड़े को
(ख) अभावपूर्ण जिन्दगी को
(ग) अज्ञानता को
(घ) अपने रिक्त जीवन को।

(5) कवि के सरल स्वभाव के कारण किसने धोखा दिया है?
(क) प्रेमिका ने
(ख) मित्रों ने
(ग) संबंधियों ने
(घ) इनमें से कोई नहीं

**Install NODIA App to See the Solutions.**
**Click Here To Install**

**10. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 2 = 2)$

(1) भ्रमरगीत में किसके माध्यम से उद्धव पर व्यंग किया गया है?
- (क) भ्रमर के माध्यम से अर्थात् भंवरा
- (ख) पक्षियों के माध्यम से
- (ग) बादलों के माध्यम से
- (घ) इनमें से कोई नहीं

(2) "नाथ संभुधनु भंजनिहारा" में 'नाथ' शब्द का प्रयोग हुआ है–
- (क) राम के लिए
- (ख) जनक के लिए
- (ग) परशुराम के लिए
- (घ) विश्वामित्र के लिए

## खंड – ख (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $(2 \times 3 = 6)$

(क) यदि हालदार साहब को नेताजी की मूर्ति पर चश्मा लगा नहीं मिलता तो उनके मन में किस प्रकार का भाव आता?

(ख) लेखक ने फादर कामिल बुल्के की याद को 'यज्ञ की पवित्र अग्नि' क्यों कहा है?

(ग) कौसल्यायन जी के अनुसार सभ्यता के अंतर्गत क्या–क्या समाहित हैं?

(घ) कॉलेज के प्रिंसिपल ने मन्नू भंडारी के पिता जी को किस कारण से बुलाया था? बताइए।

**12. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** $(2 \times 3 = 6)$

(क) गोपियों न उद्धव से योग की शिक्षा कैसे लोगों को देने की बात कही?

(ख) लक्ष्मण के व्यंग्यमय शब्दो से परशुराम के व्यक्तित्व की कौन सी विशेषताएँ अभिव्यक्त हुई हैं?

(ग) 'भूलें अपनी या प्रवंचना औरों की दिखलाऊँ मैं' पंक्ति में कवि क्या कहना चाहता है?

(घ) 'उत्साह' कविता में निराला जी ने 'विद्युत–छवि उर में, कवि नवजीवन वाले!' कथन से क्या कहना चाहा है?

**13. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए–** $(4 \times 2 = 8)$

(क) मूसन तिवारी द्वारा बाल मंडली की शिकायत के बाद पाठशाला में भोलानाथ के साथ कैसा व्यवहार हुआ और उन्हें उनके पिता जी के द्वारा किस प्रकार घर लाया गया? इस घटना से बच्चों की किस मनोवृत्ति का पता चलता है? 'माता के अँचल' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ख) जितेन नार्गे ड्राइवर के साथ–साथ कुशल गाइड की भूमिका बखूबी निभा रहा है। आपकी किसी भी यात्रा में गाड़ी चलाने वाला गाइड भी हो तो जितेन के चरित्र की तुलना करते हुए अपने अनुभव लिखिए।

(ग) हिरोशिमा की घटना विज्ञान का भयानकतम दुरूपयोग है। आपकी दृष्टि में विज्ञान का दुरूपयोग कहाँ–कहाँ और किस तरह हो रहा हैं?

**14. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए–** (6)

(क) **जंक फूड**

**संकेत बिन्दु :**
- जंक फूड क्या होता है?
- युवा पीढ़ी और जंक फूड
- जंक फूड खाने के दुष्परिणाम

Continue on next page......

Install NODIA App to See the Solutions.
Click Here To Install

(ख) **महानगरीय भीडभाड़ और मेट्रो**
**संकेत बिन्दु :**
- यातायात और भीड़भाड
- प्रदूषण की समस्या
- मेट्रो रेल की भूमिका
- मेट्रो के लाभ

(ग) **स्वच्छ भारत अभियान**
**संकेत बिन्दु :**
- आरंभ और उद्देश्य
- छात्रों और सरकारी कर्मचारियों का सहयोग
- जन साधारण को प्रेरित करना
- वेस्ट मैनेजमेंट तकनीकों को बढ़ावा।

15. **किसी प्रख्यात समाचारपत्र के संपादक के नाम लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखकर रेल आरक्षण व्यवस्था में हुए सुधार की प्रशंसा कीजिए।** (5)

**अथवा**

**आपका एक मित्र शिमला में रहता है। आप उसके आमंत्रण पर ग्रीष्मावकाश में वहाँ गए थे और प्राकृतिक सौंदर्य का खूब आनंद उठाया था। घर वापस लौटने पर कृतज्ञता व्यक्त करते हुए मित्र को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।**

16. **आपका नाम सज्जन सिंह है। मयूर मोटर्स कंपनी में मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव की आवश्यकता है। टाइम्स ऑफ इंडिया में इस पद हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। आप नौकरी की तलाश में है। अतः आप इस पद पर नियुक्ति पाने हेतु एक स्ववृत्त तैयार कीजिए।** (5)

**अथवा**

**ध्वनि प्रदूषण की समस्या से अवगत कराते हुए नगर योजना अधिकारी को लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।**

17. **बॉल पेनों की एक कंपनी 'सफल' नाम से बाजार में आई है। उसके लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 60 शब्दों में तैयार कीजिए।** (4)

**अथवा**

**दीपावली पर मित्र को शुभकामना देने हेतु लगभग 60 शब्दों में एक संदेश तैयार कीजिए।**

□□□□□□□

**DOWNLOAD INDIA'S BEST STUDY MOBILE APP**
- 30 Sample Paper with Solutions
- Chapterwise Question Bank of All Subject
- Previous 15 Years Solved Papers
- NCERT Solutions
- Case Study Questions with full Solutions
- *Word File of Material for Teachers*

Search by **NODIA** on Play Store to Download App
Add 89056 29969 in Your Class Whatsapp Group to Get Link

**Install NODIA App to See the Solutions.**
**Click Here To Install**

Download NODIA App from Playstore


**CLICK HERE TO DOWNLOAD**

https://play.google.com/store/apps/details?id=com.nodiaapp&hl=en_IN&gl=US


**You can search by typing NODIA on the playstore.**

# How To View Solutions of Sample Papers


## Click on the Subject




## Select the First Option




## View the Solutions




If you want to download and print the solutions, get Gold Plan by upgrading.

केंद्रीय विद्यालय डी आर डी ओ

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र

कक्षा - 11 (ग्यारहवीं )

विषय -हिंदी (केंद्रिक) कोड सं- 302

समय: 3 घंटे अधिकतम अंक-100

लिखित-80+मौखिक-20

निर्देश : : विद्यार्थी जाँच कर लें कि

- ➢ इस प्रश्न -पत्र में कुल 14 प्रश्न हैं ।
- ➢ प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व , प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।
- ➢ प्रश्नपत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाए ।
- ➢ इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं -अ,ब । दोनों खंडों के उत्तर लिखना अनिवार्य है ।
- ➢ प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमानुसार ही लिखें ।

**खंड -अ ( MCQ)**

1- निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 1*10=10

देश का संपूर्ण दायित्व आज विद्यार्थी के ही ऊपर है -क्योंकि आज जो विद्यार्थी है ,वे ही कल के नागरिक होंगे ।भारत की उन्नति और उसका उत्थान उन्हीं की उन्नति और उत्थान पर निर्भर करता है । अतः विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने भावी जीवन का निर्माण बड़ी सतर्कता और सावधानी के साथ करें । उन्हें प्रत्येक क्षण अपने राष्ट्र ,अपने समाज ,अपने धर्म एवं अपनी संस्कृति को अपनी आँखों के सामने रखना चाहिए । जिससे उनके जीवन से राष्ट्र को कुछ बल प्राप्त हो सके । जो विद्यार्थी राष्ट्रीय दृष्टिकोण से अपने जीवन निर्माण नहीं करते,वे राष्ट्र और समाज के लिए भार-स्वरूप होते हैं ।विद्यार्थी का लक्ष्य विद्योपार्जन है । भली- भांति विद्योपार्जन करके वह राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वाह सुचारु रूप से कर सकता है ।किसी कार्य की सफलता के लिए एकाग्रता ,लगन , संतुलन और साहस की आवश्यकता होती है। विद्यार्थी को इन सब गुणों को आत्मसात कर लेना चाहिए, तभी वे अपने जीवन में सफल हो सकेगें, उनमें आत्मविश्वास बढ़ेगा । आत्मविश्वास को जाग्रत करना अति आवश्यक है।आत्मविश्वास के अभाव में प्रत्येक कार्य को करते हुए भय लगता है। और डर करके जो काम किया जाता है उसमें कभी भी सफलता नहीं मिलती ।

अतः देश और स्वयं की उन्नति के लिए विद्यार्थियों को एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी, तभी देश और समाज की उन्नति होगी।

क. देश का भविष्य किस पर निर्भर करता है ?

A. विद्यार्थियों पर B. पड़ोसी देशों पर C. आर्थिक उन्नति पर D.कोई अन्य उत्तर

ख.विद्यार्थियों को अपने भावी जीवन का निर्माण —----------------करना चाहिए ?

A. आराम से B. लापरवाही से C. बड़ी सतर्कता और सावधानी से D. मध्यम गति से

ग. जो विद्यार्थी राष्ट्रीय दृष्टिकोण से अपने जीवन का निर्माण नहीं करते वे राष्ट्र और समाज के लिए —--------होते हैं?

A . उपयोगी B. अत्यंत उपयोगी C. भार स्वरूप D. हितकारी

घ.विद्यार्थी को अपने कार्य की सफलता के लिए—------------आत्मसात कर लेना चाहिए।

A. एकाग्रता B. एकाग्रता, लगन, संतुलन और साहसC. निष्कपटता D. चालाकी

ड़. 'राष्ट्रीय 'और 'प्रत्येक ' शब्द से प्रत्यय और उपसर्ग अलग कीजिए।

A. टीय, क B.रा , प्र C. ईय , एक D. ईय,ऐक

च.उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

A. वीर सैनिक B. अन्नदाता किसान C. सरकारी कर्मचारी D. विद्यार्थी जीवन

छ . किसके अभाव में काम करते हुए भय लगता है?

A. आत्मविश्वास B. आजादी C. परतंत्रता D. जागरूकता

ज .*विद्योपार्जन* शब्द का अर्थ—-

A. विधि एवं नियम B. नियम का पालन C. विद्या D. विद्या ग्रहण करना

झ .विद्यार्थी जीवन का प्रथम लक्ष्य—------ होना चाहिए

A. धनोपार्जन B. विद्योपार्जन C.यशो पार्जन D. अपयशोपार्जन

अ्. डर के साथ किए हुए काम में —-----------नहीं मिलती।

A. सफलता B. असफलता C. कुशलता D. व्यावहारिकता

2.निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(MCQ)

**न देख रास्ता कठिन , न सोच रात है कि दिन।** **1*5=5**

**सधे हुए कदम उठा ,न कोस एक -एक गिन ।**

**तुझे बुला रही पथिक ,डगर अमर कठिन विषम ,**

**न लक्ष्य दूर है कहीं ,उठा कदम, बढा कदम ।**

**डगर निहारती तुझे ,विजय पुकारती तुझे ।**

**बुला रही सगर्व सुन , महान भारती तुझे ।**

**न और वक्त है रहा , प्रवीर रक्त तू बहा ।**

**न शेष कुछ रहा जिसे ,तुझे न आज है कहा ।**

**क.उपर्युक्त काव्य पँक्तियों में किसे उत्साहित किया जा रहा है ?**

**A. महिलाओं को B. किसानों को C. विद्यार्थी को D. पथिक को**

**ख.पथिक से क्या अनुरोध किया गया है ?**

**A. आराम करने के लिए B. आगे बढ़ने के लिए**

**C. कुछ भी ना करने के लिए D. कोई अन्य उत्तर?**

**ग. पथिक को कौन बुला रहा है?**

**A. देश की मिट्टी B. विदेश की मिट्टी C. गांव की मिट्टीD. शहर की मिट्टी**

घ.काव्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए ।

A. साहसी पथिक B. राजनीति C. अमीरी D. गरीबी

ड.-"**डगर शब्द का अर्थ लिखिए** ।

A. कुत्ता B. लुढ़कना C. रास्ता D. डर

3.नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (MCQ) 1* 5=5

क.पूर्णकालिक पत्रकार किसे कहते हैं ?

A. स्थायी संवाददाता B. अस्थाई पत्रकारC. विदेशी पत्रकार D क्षेत्रीय पत्रकार

ख.ड्राई -एंकरिंग से क्या आशय है ?

A.दृश्य के बिना एंकरिंग B.दृश्य के साथ एंकरिंग C.गलत एंकरिंग D.सही एंकरिंग

ग. आधुनिक छापेखाने का आविष्कार किसने किया ?

A. ग्राहम बेल B. लुईस C. गुटेनबर्ग D. चार्ल्स बेबेज

घ- इंटरनेट पत्रकारिता से क्या आशय है?

A. इंटरनेट के जरिए पत्रकारिता B. इंटरनेट C. पत्रकारिता D. समाचार वाचन

ड.-आजकल की समाचार लेखन की सबसे लोकप्रिय शैली कौन-सी है?

A. सीधा पिरामिड शैली B. उल्टा पिरामिड शैली C. मिश्रित शैली D. कोई अन्य उत्तर

4.निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (MCQ)1*5=5

चार भाई चार बहनें ,
भुजा भाई प्यार बहनें ,
खेलते या खड़ें होंगे
नज़र उनकों पड़े होंगे ।
पिता जी जिनको बुढ़ापा ,
एक क्षण भी नहीं व्यापा
रो पड़े होंगे बराबर ,
पाँचवें का नाम लेकर ।

क. "भुजा भाई प्यार बहनें" का आशय स्पष्ट कीजिए ।

A.भाई की भुजाएं B. बहन की भुजाएं C. भाई-बहन का प्रेम D. भाई-बहन का झगड़ा

ख.कवि के पिता जी क्यों रो पड़े होंगे ?

A. बीमारी के कारण B. छोटे बेटे के जेल जाने के कारण

C. गरीबी के कारण D.कोई अन्य उत्तर

ग.कवि के पिता जी की शारीरिक स्थिति कैसी है ?

A.स्वास्थ्य एवं तंदुरुस्त थे B.बीमार थे C.बुढ़ापा छा गया था D.कोई अन्य उत्तर

घ-कवि को जेल क्यों जाना पड़ा?

A.अपराध के कारण B. टैक्स न चुकाने के कारण

C.स्वतंत्रता संग्राम के कारण D. बिना कारण

ड.-घर की याद कविता के कवि का नाम —----है।

A.मैथिलीशरण गुप्त B.रामनरेश त्रिपाठी C.भवानी प्रसाद मिश्र D.सियारामशरण गुप्त

5- नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (MCQ) 1*5=5

वंशीधर को रमेश के रूप में जैसे साक्षात भगवान ही मिल गए हों । उनकी आँखों में पानी छलकने लगा । भरे गले से केवल इतना ही कह पाए कि बिरादरी का यही सहारा होता है । छुट्टियाँ शेष होने पर रमेश वापिस लौटा तो माँ-बाप और अपनी गाँव की दुनिया से बिछुड़कर सहमा -सहमा -सा मोहन भी उसके साथ लखनऊ आ पहुँचा । अब मोहन की जिंदगी का एक नया अध्याय शुरु हुआ । घर की दोनों महिलाओं ,जिन्हें वह चाची और भाभी कहकर पुकारता था , का हाथ बँटाने के अलावा धीरे-धीरे वह मुहल्ले के सभी चाचियों और भाभियों के लिए काम-काज में हाथ बँटाने का साधन बन गया ।

क. गलता लोहा कहानी के लेखक का नाम—--------।

A. शेखर जोशी B. दुष्यंत कुमार C. राजेंद्र यादव D. सुदर्शन

ख. वंशीधर को रमेश के रूप में साक्षात —---- के दर्शन हुए ।

A. शैतान B. पड़ोसी C. अपरिचित D. भगवान

ग.'बिरादरी का यही सहारा होता है ।"यह किसने कहा ?

A. मोहन के पिता ने B. मोहन ने C. धनाराम ने D. मास्टर जी

घ -मोहन की जिंदगी का नया अध्याय कब शुरू हुआ?

A. लखनऊ आने के बाद B. लखनऊ से जाने के बाद

C. गांव में रहते हुए D. कोई अन्य उत्तर

ड. रमेश के घर वाली महिलाएं तथा पड़ोसी महिलाएं मोहन के साथ कैसा व्यवहार करती थी?

A. नौकरों जैसा B. घर के बच्चे जैसा C. अपरिचित जैसा D. कोई अन्य उत्तर

.6. प्रश्नों के उत्तर लिखें-। (MCQ) 1*10=10

क-लता मंगेशकर का क्षेत्र---------?

A. नूरजहां B. फातिमा बेगम C. सुनिधि चौहान D. अलका याग्निक

छ-लेखक का मानना है कि लता मंगेशकर ने करुण रस के गानों के साथ—---

A.न्याय किया है B.न्याय नहीं किया है C.मध्यम गति में गाया है D.अन्य उत्तर

ज-चित्रपट संगीत के गायकों को —------ की जानकारी होना जरूरी है।

A.आधुनिक संगीत B.क्षेत्रीय संगीत C.पाश्चात्य संगीत D.शास्त्रीय संगीत

झ-शास्त्रीय और चित्रपट दोनों तरह के संगीतों का आधार—-----।

A. श्रोताओं की रोचकता और आनंद B. नियमों पर आधारित

C. नियमों की अनदेखी करना D. कोई अन्य उत्तर

अ्-चित्रपट संगीत के विकसित होने का कारण —---------।

A.गानों में सुरीलापन B.गानों में कर्कशता

C.रुक-रुक कर गाना D.शास्त्रीय नियमों का पालन करना

**खंड-ब (वर्णनात्मक)**

7.निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में निबंध लिखिए- 5

क.सोशल मीडिया का बढ़ता प्रभाव ख.ऑनलाइन शिक्षा ग. बरसात का एक दिन

8. आपके मोहल्ले की टूटी हुई सड़कों की मरम्मत हो चुकी है । इस विषय पर संतोष व्यक्त करते हुए नवभारत टाइम्स दिल्ली के प्रधान संपादक को एक पत्र लिखिए । 5

**अथवा**

ट्राफिक -जाम (यातायात -अवरोध) की समस्या के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए महापौर,नगर पालिका बेंगलुरु को एक शिकायती पत्र लिखिए ।

9.क-डायरी लेखन क्या है इसे लिखते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना पड़ता है? 3

ख-पटकथा लेखन क्या है ? इसकी क्या उपयोगिता है? 3

10- निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए 2+2=4

क-शब्दकोश किसे कहते हैं इसकी क्या उपयोगिता है?

ख-बिजली विभाग में क्लर्क पद के लिए अपना स्ववृत (Biodata) लिखिए

11. नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 3+3=6

क-मीरा किसे अपना आराध्य मानती थीं और किस रूप में उनकी पूजा करतीं थीं?

ख- कबीर ने अपने आपको दीवाना क्यों कहा हैं?

ग-चंपा पढ़ना लिखना क्यों नहीं चाहती थी?

12- नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 2+2=4

क. कबीर के अनुसार मनुष्य का शरीर किन पांच तत्वों से बना है?

ख- *दूध की मथानिया बड़े प्रेम से बिलोई* पंक्ति में मीरा क्या कहना चाहती हैं?

ग-चंपा काले-काले अक्षर क्यों नहीं चिन्हती थी?

13 नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 3+3=6

क-"नमक का दारोगा" कहानी के माध्यम से मुंशी प्रेमचंद क्या संदेश देना चाहते हैं ?

ख. पथेर पांचाली फ़िल्म की शूटिंग का काम ढ़ाई साल तक क्यों चला ?

ग-मिया नसीरूद्दीन को नानबाइयों का मसीहा क्यों कहा गया है?

14. नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए 2+2=4

क-घर से नौकरी के लिए जाते समय वंशीधर के पिता ने उन्हें कौन-कौन सी नसीहतें दीं ?

ख-शिव शंभू की दो गायों के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है ?

ग-पाथेर पंचाली फिल्म के किन दो दृश्यों में पात्र बदले गए और क्यों ?

***

## केन्द्रीय विद्यालय डी आर डी ओ

## प्रतिदर्श प्रश्न पत्र

**कक्षा- बारहवीं (12)** **अधिकतम अंक: 80**

**विषय - हिंदी (आधार) कोड -302** **निर्धारित समय: 3 घंटे**

---

**सामान्य निर्देश:**

- इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 15 हैं, दो खंड **"अ"** और **"ब"** हैं, कुल13 प्रश्न हैं|
- खंड 'अ' में बहुविकल्पात्मक तथा खंड ' ब' में विवरणात्मक प्रश्न पूछे गए हैं|
- दोनों खंडों का उत्तर देना अनिवार्य है |
- निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़कर उनका पालन कीजिए |
- यथासंभव दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमश: लिखिए |
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है |

| | **खंड अ (वस्तुपरक प्रश्न)** | |
|---|---|---|
| **1.** | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर लिखिए :-**<br>पानी की कमी एक सार्वभौमिक समस्या है \| यह हमारे ग्रह के सभी जिम्मेदार नागरिकों द्वारा संयुक्त रूप से निपटने के लिए है \|हमें न केवल अपने लिए बल्कि अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी जल-संरक्षण की जरूरत है \|<br>पृथ्वी को "नीला ग्रह" कहा जाता है, क्योंकि यह ब्रह्मांड का एकमात्र ज्ञात ग्रह है जहाँ पर्याप्त मात्रा में प्रयोग करने योग्य पानी मौजूद है \| पृथ्वी के सतह के स्तर का लगभग 71 प्रतिशत पानी है \| हमारे ग्रह का 97% भाग खारे पानी में समाया हुआ है जिसे हम पीने के लिए उपयोग नहीं कर सकते हैं \| बाकी 3% पानी प्रयोग करने योग्य है लेकिन 2% भी ग्लेशियरों और बर्फ से अवरुद्ध है \| इसलिए हमारे पास केवल 1% बचा है \|<br>हाल के निष्कर्षों के अनुसार, यह पता चला है कि लगभग 25% शहरी आबादी को पीने के पानी तक पहुँच नहीं है \|इसके अलावा, यह भी | **1x10=10** |

| | | |
|---|---|---|
| | पाया गया है कि 40 लाख से अधिक लोग पानी से संबंधित बीमारियों के कारण मर रहे हैं \| विकासशील देश अस्वच्छ और गंदे पानी से होने वाली बीमारियों से बेहद ग्रस्त हैं \| भारत में भी विभिन्न जल-जनित रोगों से पीड़ित लोगो की संख्या काफी अधिक है \|इससे भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है \|किए गए एक अध्ययन के अनुसार,यह बताया गया है कि राजस्थान में लड़कियों को पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है\| इससे यह स्पष्ट है कि पानी की कमी भारत और अन्य विकासशील देशों में कुछ सामाजिक समस्याओं का कारण है \|<br>हाल के कुछ वर्षों में, पानी के उपयोग के लापरवाह तरीके से दुनिया के विभिन्न हिस्सों में पानी की कमी हो गई है \| यह अनुमान है कि दुनिया में एक अरब से अधिक लोग अपने अस्तित्व के लिए इस 1% स्वच्छ पेयजल पर निर्भर हैं \| इससे यह स्पष्ट होता है कि हमें पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करने की आवश्यकता है ताकि अन्य लोगों को पानी की कमी का सामना न करना पड़े \| यहीं पर जल-संरक्षण की जरूरत आती है \| जल के बिना पृथ्वी पर जीवन संभव नहीं है \| इसलिए, पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने के लिए पानी का संरक्षण काफी महत्त्वपूर्ण है \|<br>पानी को कई तरह से बचाया जा सकता है \| पानी के संरक्षण के अनेक तरीके हैं \| जल-संरक्षण का सबसे सरल तरीका वर्षा जल-संचयन है \| हम वर्षा जल को संरक्षित कर सकते हैं और उस पानी का उपयोग हमारी दैनिक गतिविधियों में किया जा सकता है \| शुध्दिकरण के बाद पीने के लिए भी वर्षा जल का उपयोग किया जा सकता है \| हमें पता होना चाहिए कि अपने दैनिक जीवन में पानी की बचत कैसे करें ताकि निकट भविष्य में हमें पानी की कमी का सामना न करना पड़े \|<br>जल-संरक्षण के लिए बस हमें अपनी दैनिक गतिविधियों में कुछ सकारात्मक परिवर्तन लाने होंगे \| पानी बचाना जीवन बचाने के<br>बराबर है \| तो आइए, हम अपनी पृथ्वी को रहने योग्य सुरक्षित और सुन्दर जगह बनाने की प्रतिज्ञा करें \| | |
| **i)** | जल-संरक्षण का क्या अर्थ है ? | |

| | | |
|---|---|---|
| | क- जल को सुरक्षित रखना      ख- जल को बचाना<br>ग- जल का उपयोग             घ- जल को संभालकर रखना | |
| **ii)** | पृथ्वी की सतह का तीन-चौथाई भाग पानी से घिरा होने पर भी पृथ्वी पर पानी की कमी क्यों है ?<br>क- 97% पानी खारा है ।<br>ख- उपलब्ध पानी अस्वच्छ है ।<br>ग- पेयजल का 70% पानी ग्लेशियरों और बर्फ के रूप में है ।<br>घ- प्राप्त पेयजल का केवल 1% स्वच्छ जल के रूप में है । | |
| **iii)** | पृथ्वी को नील ग्रह की संज्ञा क्यों दी गई है ?<br>क- धरती पर मौजूद पानी की प्रचुर मात्रा के कारण<br>ख- पृथ्वी के दो तिहाई हिस्से में समुद्र होने के कारण<br>ग- नदियों और समुद्रों के नीले जल के कारण<br>घ- अंतरिक्ष से पृथ्वी नीले रंग की दिखाई देने के कारण | |
| **iv)** | हमें पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करने की आवश्यकता क्यों है ?<br>क- एक अरब से अधिक आबादी के अस्तित्व के लिए<br>ख- भविष्य में आने वाली पीढ़ी के अस्तित्व के लिए<br>ग- पृथ्वी के अस्तित्व को बचाने के लिए<br>घ- जीव-जंतु और वनस्पति को बचाने के लिए | |
| **v)** | पानी के संदर्भ में भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव के समर्थन में कौन-सा तर्क उचित है ?<br>क- भारत में अधिकांश लोग पानी से संबंधित बीमारियों के कारण मर रहे हैं ।<br>ख-भारत में अधिकांश लोगों तक पीने के पानी की उपलब्धता नहीं है ।<br>ग-भारत में जल-जनित रोगों से पीड़ित लोगों की संख्या बहुत अधिक है ।<br>घ- भारत में अधिकांश शहरी आबादी तक पीने के पानी की पहुँच नहीं है । | |
| vi) | स्वच्छ पीने के पानी की समस्या किन देशों से सर्वाधिक पाई जाती है<br>क-विकसित    ख-अविकसित     ग-विकासशील     घ-ध्रुवीय प्रदेश | |

| | | |
|---|---|---|
| vii) | पिछले कुछ वर्षों से दुनिया के विभिन्न भागों में पीने के पानी की कमी क्यों बढ़ रही है ?<br>क- जनसंख्या वृद्धि के कारण<br>ख- वर्षा की अनियमितता के कारण<br>ग- दैनिक गतिविधियों में जल की बढ़ती खपत के कारण<br>घ- दैनिक जीवन में पानी के उपयोग के लापरवाह तरीके के कारण | |
| viii) | राजस्थानी लड़कियों के उदाहरण द्वारा क्या सिद्ध करने का प्रयास किया गया है ?<br>क- पानी की कमी सामाजिक समस्याओं के कारण है<br>ख- पानी की कमी अशिक्षा का कारण है<br>ग- पानी की कमी गाँवों की बर्बादी का कारण है<br>घ- पानी की कमी देश की बर्बादी के कारण है | |
| ix) | जल-संरक्षण के लिए आवश्यक है :<br>क- बहते पानी की बजाय दैनिक जीवन में बाल्टी-मग का उपयोग<br>ख- वर्षा के जल का तालाबों, बावडियों आदि में संचयन<br>ग- पानी की बर्बादी को रोकने के लिए पाइपों से होने वाले रिसाव को रोकना<br>घ- दैनिक गतिविधियों में पानी की बर्बादी को रोकने का उपाय करना | |
| x) | उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक है :<br>क- जल है तो कल है     ख- जल ही जीवन है<br>ग- जल संरक्षण     घ- संकट में है, जल | |

| | | |
|---|---|---|
| **2.** | **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर लिखिए :-**<br>चन्दा तारों सी सहज कांति, नदियों में है मुस्कान भरी<br>है पवन झकोरों में दुलार, खेतों में है दौलत बिखरी,<br>पग-पग मेरा विश्वास भरा<br>तप से है यह जीवन निखरा,<br>प्रखर कर्म का पाठ सतत<br>पढ़ाती मैं भारत माता हूँ \|\|<br>मैं वज्र सदृश विपदाओं को भी अनायास सह लेती हूँ,<br>सुधा दान कर औरों को, मैं विष पीकर मुस्काती हूँ<br>धीरज का पाठ पढ़ाती हूँ<br>गौरव का मार्ग दिखाती हूँ,<br>मैं सहज बोध, मैं सहज शक्ति<br>सुविवेकी भारत माता हूँ\|\|<br>मूर्तियाँ बना डाली सजीव, अनगढ़ पत्थर को काट-काट<br>बंधुता प्रेम को फैलाया; अपना ही अंतर बाँट-बाँट<br>जिसके गीतों से जगत मुग्ध,<br>जिसके नृत्यों पर जगत मुग्ध,<br>जिसकी कविता धारा अविरल<br>बहती वह भारत माता हूँ\|\| | **1x5=5** |
| **i)** | 'खेतों में है दौलत बिखरी'' से क्या आशय है?<br>अ- खेतों का उपजाऊपन ब- हरियाली<br>स- खेतों की लहलहाती फसलें द- किसान का कठिन परिश्रम | |
| **ii)** | भारत माँ को सुविवेकी क्यों कहा गया है?<br>अ-सभी भारतवासियों की माँ होने के कारण<br>ब-सभी का पालन-पोषण करने से<br>स-सभी भारतीयों को गौरव, धीरज व शक्ति की शिक्षा देने से<br>द-रत्न-प्रसविनी होने से | |

| | | |
|---|---|---|
| **iii)** | भारत माता ने अपना ह्रदय किस रूप में बांटा है?<br><br>अ-संपूर्ण समाज में भाईचारा व प्रेम की भावना के प्रसार से<br>ब-सभी को त्याग व प्रेम की शिक्षा देकर<br>स-फलों व सब्जियों को उगाकर<br>द-सभी के प्रति समता का भाव रखकर | |
| **iv)** | भारत माता हम भारतीयों को कौन से मूल्यों को सीखाना चाहती है<br><br>अ-गौरव ब-धैर्य स-प्रेम द-उपरोक्त सभी | |
| **v)** | 'मैं सहज बोध, मैं सहज शक्ति' इस पंक्ति में कौन सा अलंकार है?<br>अ-अनुप्रास ब-यमक स-रूपक द-मानवीकरण | |
| | **अथवा** | |
| | एक फाइल ने दूसरी फाइल से कहा<br>बहन लगता है<br>साहब हमें छोड़कर जा रहे हैं<br>इसीलिए तो सारा काम<br>जल्दी-जल्दी निपटा रहे हैं<br>मैं बार-बार सामने जाती हूँ<br>रोती हूँ, गिड़गिड़ाती हूँ<br>करती हूँ विनती हर बार<br>साहब जी! इधर भी देख लो एक बार।<br>पर साहब हैं कि .........<br>कभी मुझे नीचे पटक देते हैं<br>कभी पीछे सरका देते हैं<br>और कभी-कभी तो<br>फाइलों के ढेर तले<br>दबा देते हैं।<br>अधिकारी बार-बार<br>अंदर झाँक जाता है<br>डरते-डरते पूछ जाता है | |

| | | |
|---|---|---|
| | साहब कहाँ गए .........?<br>हस्ताक्षर हो गए..........?<br>दूसरी फाइल ने उसे<br>प्यार से समझाया<br>जीवन का नया फलसफा सिखाया<br>बहन! हम यूँ ही रोते हैं<br>बेकार गिड़गिड़ाते हैं<br>लोग आते हैं, जाते हैं।<br>हस्ताक्षर कहाँ रुकते हैं<br>हो ही जाते हैं।<br>पर कुछ बातें ऐसी होती हैं<br>जो दिखाई नहीं देतीं<br>और कुछ आवाजें<br>सुनाई नहीं देतीं<br>जैसे फूल खिलते हैं<br>और अपनी महक छोड़ जाते हैं<br>वैसे ही कुछ लोग<br>कागज पर नहीं<br>दिलों पर हस्ताक्षर छोड़ जाते हैं। | |
| **i)** | फाइल क्यों रोती और गिड़गिड़ाती हैं ?<br>क- साहब की स्वार्थपरता के कारण<br>ख- अपना कार्य न पूर्ण होने की पीड़ा के कारण<br>ग- अकेलेपन की असहनीय पीड़ा के कारण<br>घ- फाइल का स्वभाव ही रोना गिड़गिड़ाना है | |
| **ii)** | जीवन के फलसफे के अनुसार किसी भी परिस्थिति में<br>क- हार नहीं माननी चाहिए<br>ख- विलाप नहीं करना चाहिए<br>ग- हार से सबक सीखना चाहिए<br>घ- जीत हार सभी कुछ अंतिम है | |

| | | |
|---|---|---|
| iii) | कविता के अनुसार जो कार्य दिखाई-सुनाई नहीं देते हैं<br>क- वे अस्पष्टता के कारण बेमानी होते हैं<br>ख- वह यह शिक्षा देते हैं कि हमें एकाग्रचित्त होकर सुनना-देखना चाहिए<br>ग- वे लोगों पर अपना प्रभाव छोड़ जाते हैं<br>घ- वे केवल सिद्ध लोगों को ही प्रभावित करते हैं | |
| iv) | कविता का संदेश क्या है ?<br>क- लोग जल्दी कार्य करनेवाले अधिकारी से प्रभावित होते हैं<br>ख- परोपकारी कार्यों से लोग प्रभावित होते हैं<br>ग- कार्यालयों में फाइलों को रूप में कार्य लंबित रहता है<br>घ- कार्यालयों में अधिकारी साहब को ढूँढ़ते रहते हैं | |
| v) | किस पंक्ति में व्यंग्य का भाव छिपा हुआ है<br>क- साहब हमें छोड़कर जा रहे हैं<br>ख- और अपनी महक छोड़ जाते हैं<br>ग- हस्ताक्षर कहाँ रुकते हैं, हो ही जाते हैं।<br>घ- दिलों पर हस्ताक्षर छोड़ जाते हैं। | |
| | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :-** | **1x5=5** |
| i) | एडवोकेसी पत्रकारिता को _________ कहा जाता है<br>क- कानूनी पत्रकारिता ख- लोक विचार पत्रकारिता<br>ग- वकीलों की पत्रकारिता घ- पक्षधर पत्रकारिता | |
| ii) | व्यवस्था के साथ तालमेल बिठाकर चलने वाला मीडिया<br>क- वैकल्पिक मीडिया ख- सामाजिक मीडिया<br>ग- मुख्यधारा मीडिया घ- सोशल मीडिया | |
| iii) | समाचार पत्रों में सम्पादकीय पृष्ठों के सामने प्रकाशित होनेवाला वह पन्ना जिसमें विश्लेषण,फीचर, स्तम्भ लेखन आदि होता है<br>क- ऑप एड ख- न्यूज़पेग ग- डेस्क घ- पेज थ्री | |

प्रथम पूर्व बोर्ड परीक्षा

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| iv) | कॉलम ‘क’ का कॉलम ‘ख’ सेउचित मिलान कीजिए<br><br>**कॉलम ‘क’** **कॉलम ‘ख’**<br><br>1. समाचार पत्र की वाणी 1.स्ट्रिंगर<br>2. अंशकालिक पत्रकार 2. लाइव<br>3. इंटरनेट अखबार 3. प्रभा साक्षी<br>4. सीधा प्रसारण 4. सम्पादकीय<br>क- 1-1, 2-3, 3-4, 4-2<br>ख- 1-2, 2-3, 3-1, 4-4<br>ग- 1-4, 2-1, 3-3, 4-2<br>घ- 1-4, 2-1, 3-2, 4-4 | |
| v) | सार्वजनिक तौर पर सूचनाओं और आँकड़ों की गहरी छानबीन की जाने वाली रिपोर्ट<br><br>क- खोजी ख- इन-डेप्थ ग-विश्लेषणात्मक घ- विवरणात्मक | |
| 4. | **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनिए :-**<br><br>हम दूरदर्शन पर बोलेंगे<br>हम समर्थ शक्तिवान<br>हम एक दुर्बल को लाएँगे<br>एक बंद कमरे में<br>उससे पूछेंगे तो आप क्या अपाहिज हैं?<br>तो आप क्यों अपाहिज हैं?<br>आपका अपाहिजपन तो दुख देता होगा<br>देता है?<br>(कैमरा दिखाओ इसे बड़ा-बड़)<br>हाँ तो बताइए आपका दुख क्या हैं<br>जल्दी बताइए वह दुख बताइए बता नहीं पाएगा। | 1x5=5 |

| | | |
|---|---|---|
| **i)** | 'हम दूरदर्शन पर बोलेंगे हम समर्थ शक्तिवान' – पंक्ति के माध्यम से क्या अभिव्यक्त किया गया है ?<br>क- मीडियाकर्मियों के अहंकार भाव को<br>ख- मीडियाकर्मियों की संवेदनशून्यता का<br>ग- मीडियाकर्मियों की संवेदनशीलता का<br>घ- मीडियाकर्मियों के बढ़ते प्रभाव को | |
| **ii)** | प्रस्तुत पद्यांश का उद्देश्य है<br>क- मीडियाकर्मियों की संवेदनशून्यता दर्शाना<br>ख- मीडियाकर्मियों की संवेदनशीलता दर्शाना<br>ग- मीडिया के सामाजिक उत्तरदायित्व को दर्शाना<br>घ- मीडिया की बढ़ती व्यावसायिकता को दर्शाना | |
| **iii)** | मीडियाकर्मी द्वारा अपाहिज व्यक्ति से पूछे गए प्रश्नों का क्या प्रभाव पड़ता है ?<br>क- उसे दुख में सांत्वना देते हैं<br>ख- उसे नि:शब्द कर देते हैं<br>ग- उसकी पीड़ा को और अधिक बढ़ा देते हैं<br>घ- उसे चुप करा देते हैं | |
| **iv)** | 'एक दुर्बल' को टी वी के पर्दे पर दिखाकर मीडियाकर्मी क्या करना चाहता है?<br>क- अपने व्यावसायिक उद्देश्य की पूर्ति<br>ख- सामाजिक उत्तरदायित्व की पूर्ति<br>ग- अपाहिज व्यक्ति की पीड़ा को जन-जन तक पहुँचाना<br>घ- अपाहिज व्यक्ति की पीड़ा को सरकार तक पहुँचाना | |
| **v)** | प्रश्नकर्ता कैमरेवाले से कैमरा बड़ा करके दिखाने के लिए क्यों कहता है ?<br>क- अपाहिज व्यक्ति के हाव-भाव को स्पष्ट रूप से दिखाने के लिए<br>ख- अपाहिज व्यक्ति के दुख के साथ समाज को जोड़ने के लिए | |

प्रथम पूर्व बोर्ड परीक्षा

| | | |
|---|---|---|
| | ग- अपाहिज व्यक्ति के दुख से अपने कार्यक्रम को लोकप्रिय बनाने के लिए<br>घ- अपाहिज व्यक्ति के साथ सच्ची सहानुभूति प्रकट करने के लिए | |
| **5.** | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए :-** | **1x5=5** |
| | बाज़ार एक जादू है । वह जादू आँख की राह का काम करता है । वह रूप का जादू है पर जैसे चुंबक का जादू लोहे पर ही चलता है, वैसे ही इस जादू की भी मर्यादा है । जेब भरी हो और मन खाली हो, ऐसी हालत में जादू का असर खूब होता है । जेब खाली पर मन भरा न हो, तो भी जादू चल जाएगा । मन खाली है तो बाज़ार की एक चीज़ों का निमंत्रण उस तक पहुँच जाएगा । कहीं हुई उस वक्त जेभ भरी हो तब तो फिर वह मन किसकी मानने वाला है! मालूम होता है यह भी लूँ, वह भी लूँ । सभी सामान ज़रूरी और आराम को बढ़ाने वाला मालूम होता है \| | |
| **i)** | बाज़ार में जादू होने का आशय इनमें से क्या है?<br>अ- बाजार में आकर्षक होना<br>आ- बाजार की अनुपयोगी वस्तुएँ भी उपयोगी लगना<br>इ- आकर्षक वस्तुएँ खरीदने की चाहत के वशीभूत हो जाना<br>ई- आकर्षक वस्तुएँ कम दाम पर मिल जाना | |
| **ii)** | बाज़ार के जादू की क्या मर्यादा होती है?<br>अ- यह धनी-निर्धन सभी पर असर डालता है ।<br>आ- यह खाली जेब और मन भरा होने पर ज्यादा असर दिखाता है<br>इ- यह उन पर अधिक असर करता है जिनकी जेब भरी तथा मन खाली होता है ।<br>ई- यह उन पर अधिक असर करता है जिनका मन और जेब दोनों भरी होती हैं \| | |
| **iii)** | 'मन खाली होना' ऐसे लोगों की विशेषता किस विकल्प से प्रतीत होती है -<br>अ- ऐसे लोगों की इच्छा-शक्ति कमज़ोर होती है | |

| | | |
|---|---|---|
| | आ- ऐसे लोग आकर्षक वस्तुएँ देखकर भी अपनी इच्छा-शक्ति दृढ़ रखते हैं<br>इ- ऐसे लोग विरक्ति के भाव से जीते हैं<br>ई- ऐसे लोगों के मन में पैसा पाने की लालसा होती है | |
| **iv)** | खाली मन होने का परिणाम क्या होता है ?<br>अ- व्यक्ति संयम से वस्तुएँ खरीदता है<br>आ- व्यक्ति अधिकाधिक वस्तुएँ खरीद लेना चाहता है<br>इ- व्यक्ति निराश होकर खाली हाथ लौट आता है<br>ई- उपभोक्तावाद घटता जाता है | |
| **v)** | 'मन खाली होना और जेब भरी होना' किसका कारण बन जाता है?<br>अ- उपभोक्तावाद बढ़ जाने का<br>आ- आत्म संतुष्टि बढ़ने का<br>इ- सामाजिक समरसता बढ़ने का<br>ई- धैर्य एवं विवेकपूर्ण खरीदारी करने की आदत बढ़ने का | |
| **6.** | **निम्नलिखित प्रश्नों में निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए:-** | **1x10=10** |
| **1.** | यशोधर बाबू को अपने बच्चों की कौन-सी बात आपत्तिजनक लगती थी?<br>क- महत्त्वकांक्षी और प्रगतिशील होना<br>ख- समय के अनुसार घर में सामान लाना<br>ग- सामर्थ्य के अनुसार आधुनिक सुविधाएँ की उपेक्षा<br>घ- मानवीय संबंधों और संस्कारों की उपेक्षा | |
| **2.** | उपहार में मिले ऊनी ड्रेसिंग गाउन को लेते समय यशोधर बाबू की आँखों की कोर में नमी आने का क्या कारण था ?<br>क- उन्हें किशन दा की याद आ गई थी<br>ख- वे बच्चों से उपहार पाकर भावुक हो गए थे<br>ग- बच्चों द्वारा घर की जिम्मेदारी उन्हीं कंधों पर डाल दी गई<br>घ- भरे-पूरे परिवार के बीच स्वयं को अकेला पा रहे थे | |
| **3.** | सिल्वर वैडिंग कहानी के आधार पर निम्नलिखित में कौन सा /से कथन सत्य है | |

| | | |
|---|---|---|
| | 1- भारतीय संस्कृति बनाम पाश्चात्य संस्कृति<br>2- नई पीढ़ी बनाम पुरानी पीढ़ी<br>3- शहरी लोग बनाम ग्रामीण लोग<br>4- आधुनिक जीवन शैली बनाम परंपरागत जीवन शैली<br>क - (1,2,3)     ख- (2,1,4)     ग-(1,2,4)     घ- (2,3,4) | |
| **4.** | सिंधु सभ्यता एक लो प्रोफाइल सभ्यता थी क्योंकि<br>क- निम्न वर्ग के लोग अधिक थे<br>ख- यहाँ के लोग बहुत गरीब थे<br>ग- भव्यता और आडंबर हीन सभ्यता<br>घ- भव्यता और आडंभर से युक्त सभ्यता | |
| **5.** | कथन (अ) सिंधु सभ्यता को जल संस्कृति कह सकते हैं<br>कारण (ब) जल निकासी एवं जल के संसाधनों की उचित व्यवस्था<br>क- कथन (अ) सत्य है, कारण (ब) कथन की गलत व्याख्या है<br>ख- कथन (अ) सत्य है, कारण (ब) कथन की सही व्याख्या है<br>ग- कथन (अ) असत्य है, कारण (ब) कथन की सही व्याख्या है<br>घ- कथन (अ) एवं कारण (ब) गलत है | |
| **6.** | सिन्धु सभ्यता की खूबी क्या है ?<br>क) सौन्दर्य बोध     ख) संस्कृति बोध<br>ग) सभ्यता बोध     घ) नागर बोध | |
| **7.** | लेखक को मुअनजोदड़ो के भ्रमण के दौरान कहाँ की याद आई है?<br>क) चंडीगढ़     ख) अमेरिका     ग) कुलधरा     घ) जयपुर | |
| **8**. | जूझ कहानी का उद्देश्य है :<br>क- जीवन में संघर्ष की महत्ता प्रतिपादित करना<br>ख- जीवन में शिक्षा की महत्ता प्रतिपादित करना<br>ग- ग्रामीण जीवन की कठिनाइयों का उल्लेख करना<br>घ- जीवन में शिक्षक की भूमिका दर्शाना | |
| **9.** | 'जूझ' कहानी के आधार पर निम्नलिखित में कौन-सा कथन असत्य है?<br>क- आनंदा ने पढ़-लिखकर कुछ बनना चाहा<br>ख- खेती के काम से बचने के लिए पढ़ाई-लिखाई करना चाहा | |

| | | |
|---|---|---|
| | ग- पढ़ाई-लिखाई में रुचि होने के कारण लेखक ने संघर्ष किया है<br>घ- आनंदा को कविता रचने के प्रति लगाव था | |
| **10** | सिन्धु सभ्यता ताकत से शासित होने की अपेक्षा समझ से अनुशासित सभ्यता थी क्योंकि<br>क- राजतंत्र के कारण<br>ख- औजार और हथियार न होने के कारण<br>ग- लोग अपने मन और कर्म से ही अनुशासित थे<br>घ- धर्मपोषित होने के कारण | |
| | **खंड ब (विवरणात्मक प्रश्न)** | |
| **7.** | **दिए गए अप्रत्याशित विषयों में से किसी एक पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए :-**<br>क- भीड़ भरी बस में यात्रा<br>ख- मेरे मुहल्ले का चौराहा<br>ग- बदलता युग - बदलती मान्यताएँ<br>घ- अतिथि: देवता या समस्या | **6x1=6** |
| 8. | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए:-**<br>क) कहानी को नाटक में किस तरह रूपांतरित किया जा सकता है?<br>ख) रेडियो नाटक के तत्वों का संक्षिप्त विवेचन कीजिए \|<br>ग) नए और अप्रत्याशित विषयों पर लेखन को किस प्रकार सरल बनाया जा सक्ता है ? | **3x2=6** |
| 9. | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखिए:-**<br>क) फीचर और समाचार में क्या अंतर है? फीचर लेखन के लिए किन किन बातों पर ध्यान रखना चाहिए ?<br>ख) विचारपरक लेखन किसे कहते हैं ? चार विचारपरक लेखनों की विस्तृत जानकारी दीजिए ।<br>ग) एक सफल साक्षात्कार के लिए सिर्फ ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है - साक्षात्कार के लिए किन गुणों की आवश्यकता है और क्यों? | **4X2=8** |

प्री-बोर्ड परीक्षा

| | | |
|---|---|---|
| 10. | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए:-**<br>क) 'छोटा मेरा खेत' कविता के रूपक को स्पष्ट कीजिए ।<br>ख) "नारि हानि बिसेष छति नाहीं" भाई के शोक में डूबे राम के इस प्रलाप-वचन में स्त्री के प्रति कैसा सामाजिक दृष्टिकोण संभावित हैं?<br>ग) दिन जल्दी-जल्दी ढलता है कविता का प्रतिपाद्य लिखिए । | **3x2=6** |
| 11. | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए:-**<br>क) अस्थिर सुख पर दुख की छाया किसे कहा गया है और क्यों?<br>ख) पतंगों के साथ-साथ वे भी उड़ रहे हैं -बच्चों का उडान से क्या संबंध बन सकता है ?<br>ग) कवि ने भोर के नभ की पवित्रता, निर्मलता तथा उज्ज्वलता को किन रूपों से स्पष्ट किया है ? | **2x2=4** |
| 12. | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए:-**<br>क) भक्तिन की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।<br>ख) इंदर सेना के बारे में लेखक और जीजी की राय में क्या अंतर था? आप किसके विचारों से सहमत हैं?<br>ग) जाति-प्रथा भारतीय समाज में बेरोजगारी व भुखमरी का भी एक कारण कैसे बनती रही हैं? क्या यह स्थिति आज भी हैं? | **3x2=6** |
| 13. | **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए:-**<br>क) आदर्श समाज की तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।<br>ख) लेखक हजारी प्रसाद द्विवेदी ने शिरीष को कालजयी अवधूत की तरह क्यों माना है ?<br>ग) गाँव में महामारी फैलने और अपने बेटों के देहांत के बावजूद लुट्टन पहलवान ढोल क्यों बजाता रहा? | **2x2=4** |